Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 331 | गुरूवार, 04 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## योगीराज में घुसपैठियों की उल्टी गिनती शुरू

# उत्तर प्रदेश में रोहिंग्या, बांग्लादेशी खोजे जाएंगे, होगी कार्रवाई

नई दिल्ली।

उत्तर प्रदेश में कथित रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों पर योगी सरकार की सख्त कार्रवाई जारी है। मुख्यमंत्री के आदेशानुसार, प्रत्येक संभाग में हिरासत केंद्र स्थापित होंगे। अवैध प्रवासियों की पहचान, सत्यापन और निर्वासन के लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। यह अभियान नेपाल सीमा और प्रमुख शहरी केंद्रों पर केंद्रित है, जो अवैध विदेशी नागरिकों के विरुद्ध एक सुनियोजित रणनीति का हिस्सा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य भर में कथित रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों पर बड़ी कार्रवाई शुरू की है और राज्य के हर संभाग में हिरासत केंद्र स्थापित करने के आदेश जारी किए गए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के



अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17 शहरी स्थानीय निकायों को अपने अधिकार क्षेत्र में अवैध प्रवासियों की विस्तृत सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं। ये सूचियाँ आगे की जाँच के लिए संबंधित आयुक्तों और महानिरीक्षकों को सौंपी जाएँगी। मुख्यमंत्री ने सभी 18 संभागों के संभागीय आयुक्तों और 18 रेंजों के पुलिस महानिरीक्षकों को प्रत्येक संभाग में एक निरोध केंद्र स्थापित करने का निर्देश दिया है ताकि अवैध प्रवासियों को उनके निर्वासन तक रखा जा सके। यह निर्देश कुछ दिनों पहले ही उन्होंने सभी जिलाधिकारियों (डीएम) को घुसपैठियों और अवैध प्रवासियों के खिलाफ त्वरित और कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए थे। इससे पहले, जिलाधिकारियों को जिलों में अस्थायी निरोध केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए थे। आयुक्तों और पुलिस महानिरीक्षकों को रोहिंग्या और बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान के लिए सत्यापन अभियान जारी रखने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि संबंधित नगर निगमों से सूचियाँ प्राप्त होते ही, आयुक्तों और पुलिस महानिरीक्षकों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि उनके संभाग या क्षेत्र में सभी अवैध प्रवासियों का पता लगाया जाए, उनका सत्यापन किया जाए और उचित औपचारिकताओं के अनुसार उन्हें निर्वासित करने से पहले हिरासत केंद्रों में रखा जाए।

एक सरकारी प्रवक्ता ने पुष्टि की कि 22 नवंबर को मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद से ही ज़िलों में रह रहे/रोजगार कर रहे अवैध प्रवासियों की पहचान और पता लगाने के लिए ज़िले के डीएम और एसपी अभियान चला रहे हैं। 23 नवंबर को जारी एक बयान में, सरकार ने कहा था कि नेपाल सीमा और प्रमुख शहरी केंद्रों पर कार्रवाई में तेजी आई है। बयान में यह भी कहा गया था कि केंद्र और राज्य सरकारें अवैध विदेशी नागरिकों की पहचान के प्रयासों में तेजी ला रही हैं।

## फर्जी खबरें लोकतंत्र के लिए खतरा, कड़े नियमों की जरूरत : अश्विनी वैष्णव



**नई दिल्ली।** फर्जी खबरों को लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा आइटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि एआइ जनित डीप फेक वीडियो बनाने और गलत जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है। उन्होंने सदन को यह भी बताया कि सरकार फर्जी खबरों और एआइ-जनित डीप फेक वीडियो पर अंकुश लगाने के लिए नए नियम बनाने और इसके लिए संस्थागत तंत्र को मजबूत करने पर काम कर रही है। प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने कहा, "मैं ईमानदारी से कहना चाहता हूं कि फर्जी खबरें आज हमारे लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। हमें इंटरनेट मीडिया पर फर्जी खबरों और एआइ-जनित डीप फेक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है।"

## राजभवनों का नाम बदलने पर राज्यसभा में नोंकझोंक



**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस ने राजभवनों का नाम लोकभवन करने का मुद्दा बुधवार को राज्यसभा में उठाया। इस मुद्दे पर सदन में पक्ष और विपक्ष के बीच नोंकझोंक भी हुई। शून्यकाल के दौरान तृणमूल सांसद डोला सेन ने इस संबंध में गृह मंत्रालय द्वारा 25 नवंबर को जारी आदेश पर सवाल उठाए। बांग्ला में अपनी बात रखते हुए सेन ने कहा कि सबसे पहले हम यह कहना चाहते हैं कि न तो संसद, न विधानसभा और न ही मंत्रीमंडल को इसकी जानकारी है।

# विचाराधीन कैदी को 55 तारीखों पर अदालत में पेश नहीं किया गया, सुप्रीम कोर्ट नाराज



नई दिल्ली।

महाराष्ट्र पुलिस द्वारा एक विचाराधीन कैदी को 85 तारीखों में से 55 तारीखों पर निचली अदालत में पेश नहीं किए जाने पर नाराजगी जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के कारागार महानिदेशक को जांच का आदेश दिया है और इसकी रिपोर्ट पेश करने को कहा है। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्ला और प्रशांत कुमार मिश्र की पीठ ने हत्या के प्रयास के एक मामले में आरोपित शशि उर्फ शाही चिकना विवेकानंद जुरमानी को जमानत दे दी, लेकिन इस तथ्य पर गंभीरता से विचार किया कि मुकदमा चलने के बावजूद उसे अदालत द्वारा दी गई 85 तारीखों में से 55 तारीखों पर अदालत में पेश नहीं किया गया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुईं वकील सना रईस खान ने दलील दी कि उनके मुवक्किल पर पीड़ित को चाकू से गोदने का आरोप है, जैसा कि गवाह द्वारा दर्ज कराई गई एफआइआर में बताया गया है। हालांकि, दो महीने बाद मरने वाले पीड़ित ने बयान दिया था कि याचिकाकर्ता ने उस पर लात-घूंसों से हमला किया था।

## इलाहाबाद हाई कोर्ट में रोज 160 आपराधिक अपीलें सुनवाई के लिए होती हैं सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पुराने लंबित मामलों को निपटाने के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी देते हुए सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि हाई कोर्ट में रोजाना 160 आपराधिक अपीलें सुनवाई के लिए सूचीबद्ध होती हैं। इनमें से हाई कोर्ट की इलाहाबाद की मुख्य पीठ में लंबित 2036 आपराधिक अपीलों में से रोजाना 100 आपराधिक अपीलें और लखनऊ पीठ में लंबित कुल 261 आपराधिक अपीलों में से 60 आपराधिक अपीलें प्रतिदिन सुनवाई पर लगती हैं।

# राजनाथ और रूसी रक्षा मंत्री की मुलाकात आज

नई दिल्ली।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज गुरुवार को नई दिल्ली में रूस के रक्षा मंत्री आंद्रे बेलौसोव से अहम मुलाकात करेंगे।

यह बैठक भारत और रूस के बीच बढ़ते रक्षा और रणनीतिक सहयोग के बीच हो रही है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ आने वाले प्रतिनिधिमंडल में रक्षा मंत्री आंद्रे बेलौसोव भी भारत आए हैं। सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और बेलौसोव के बीच शाम 5 बजे साउथ ब्लॉक में एक अहम मुलाकात होगी। राजनाथ और बेलौसोव की इस मुलाकात में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग पर उच्च-स्तरीय चर्चा होगी। इसमें वायु रक्षा,



सैन्य तकनीकी सहयोग और भविष्य की संयुक्त परियोजनाओं पर विस्तार से विमर्श किया जाएगा। भारत एस-400 एयर डिफेंस प्रणाली की और खेप खरीदने का इच्छुक है। सूत्रों ने बताया कि इस दौरान एस-500 पर भी बातचीत हो सकती है। यदि एस-500 पर बात होती है तो यह सौदा दक्षिण एशिया की भू-राजनीतिक तस्वीर बदल सकता है। इससे भारत को चीन और पाकिस्तान पर निर्णायक रणनीतिक बढ़त हासिल हो जाएगी। राजनाथ से मुलाकात से पहले बेलौसोव को सेना के तीनों अंगों की साझा टुकड़ी सलामी देगी। बेलौसोव एक अर्थशास्त्री हैं। पश्चिमी देशों के तमाम प्रतिबंधों और यूक्रेन से चलते लंबे युद्ध के बावजूद रूस की अर्थव्यवस्था पटरी पर बनाए रखने का श्रेय बेलौसोव को दिया जाता है। मई में पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में एस-400 ने सैंकड़ों किलोमीटर अंदर पाकिस्तान के कई लड़ाकू विमानों को मार गिराया। इससे एस-400 देश की एकीकृत एयर डिफेंस संरचना की रीढ़ बनकर उभरा। यह देखते हुए भारत और एस-400 खरीदना चाहता है।

# पहाड़ों पर बर्फबारी के चलते कल से बढ़ेगी ठंड



नई दिल्ली।

आने वाले दिनों में पारा 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। पहाड़ों पर बर्फबारी से राजधानी में ठंडी हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार 5 दिसंबर को आसमान अधिकतर साफ रहेगा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान 22 और 6 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहने की संभावना है। बुधवार को सुबह से ही मौसम में ठंडक थी। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, वैसे-वैसे दिन में सूरज की गर्मी का हल्का अहसास हुआ। अधिकतम तापमान 23.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.6 डिग्री कम रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो मौसम के औसत से 3.1 डिग्री अधिक रहा। दिल्ली में अधिकतम आर्द्रता 100 प्रतिशत और न्यूनतम आर्द्रता 46 प्रतिशत रही। वहीं, लोधी रोड सबसे ठंडा इलाका रहा। यहां न्यूनतम पारा 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा, रिज में 7.2, पालम में 8.1 और आया नगर में 7.3 न्यूनतम पारा दर्ज किया गया।

## डिफेंस डील को लेकर टिकी दुनिया की नजरें

# आज भारत आएंगे पुतिन, पीएम मोदी के साथ होगी सीक्रेट मीटिंग



नई दिल्ली।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आज अपने विशेष विमान से नई दिल्ली पहुंचेंगे। वह अपने सबसे बड़े कैबिनेट दल के साथ भारत आ रहे हैं। नई दिल्ली पहुंचने के कुछ ही देर बाद उनकी पीएम नरेन्द्र मोदी के साथ प्रधानमंत्री निवास पर मुलाकात होगी, जहां उनके सम्मान में रात्रिभोज का भी इंतजाम किया गया है। यह मुलाकात खासी लंबी चलने की संभावना है।

मोदी और पुतिन की अगुआई में शुक्रवार को 23वां भारत-रूस सालाना शिखर सम्मेलन होने जा रहा है। ऐसे समय जब रूस से तेल खरीद को लेकर अमेरिका भारत पर कूटनीतिक व आर्थिक दबाव बनाने में जुटा है, तब राष्ट्रपति पुतिन की नई दिल्ली यात्रा पर पूरी दुनिया की नजर है। पुतिन की यात्रा से पहले भारतीय विदेश मंत्रालय और रूसी राष्ट्रपति भवन की तरफ से बताया गया है कि इस बार दोनों देशों के लिए आर्थिक व कारोबारी मुद्दे काफी अहम रहेंगे। इस बात का संकेत इससे भी मिलता है कि राष्ट्रपति पुतिन के कैबिनेट में आर्थिक विभागों के सभी मंत्रीगण उनके साथ नई दिल्ली आ रहे हैं। इनमें आर्थिक विकास मंत्री मैक्सिम रेशेतनिकोव, व्यापार व उद्योग उप मंत्री एलेक्सी ग्रूजदेव, कृषि मंत्री ओक्साना लुट, डिजिटल संचार मंत्री सर्गेई कुशचेव होंगे। इसके अलावा स्वास्थय मंत्री मिखाइल मुराशको, विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव व रक्षा मंत्री आंद्रे बेलुसोव भी आ रहे हैं। यह हाल के वर्षों में रूसी सरकार का विदेश दौरे पर जाने वाला सबसे बड़ा दल है। भारत व रूस के बीच वर्ष 2024-25 में 68 अरब डॉलर का कारोबार हुआ था, लेकिन इसमें भारत का निर्यात सिर्फ पांच अरब डॉलर का है।

पिछले पखवाड़े रूस ने भारत से आलू, अनार और समुद्री मछलियों का आयात शुरू किया है, लेकिनइससे कारोबारी घाटा नहीं पाटा जा सकता। मोदी और पुतिन के बीच रक्षा संबंधों को लेकर भी कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात होगी, लेकिन सूत्रों का कहना है कि किसी खरीद पर अभी सहमति बनने की संभावना कम है।

### 75 कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे

कारोबारी संबंधों को नई दिशा देने की तैयारी का पता इस बात से भी चलता है कि पुतिन के भारत आने से एक दिन पहले रूस की 75 बड़ी कंपनियों के प्रमुख या वरिष्ठ अधिकारी नई दिल्ली पहुंच चुके हैं। दोनों देशों की 75–75 प्रमुख कंपनियों के आला अधिकारियों के साथ पुतिन और मोदी की एक साझा बैठक शुक्रवार दोपहर में होगी।

### व्यापार घाटा पाटने पर भारत का जोर

रूस की तरफ से कोशिश की जा रही है कि रिटेल, सूचना प्रौद्योगिकी व प्रौद्योगिकी क्षेत्र की भारतीय कंपनियां वहां प्लांट लगाए, जबकि भारतीय पक्ष यह चाहता है कि रूस ज्यादा से ज्यादा उत्पादों व सेवाओं काआयात भारत से करे, ताकि कारोबारी घाटा को पूरा किया जा सके।

# कर्नाटक में सहकारी विकास के लिए चार हजार करोड़ रुपये से अधिक दिए गए: अमित शाह



नई दिल्ली।

सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि सरकार ने कर्नाटक में सहकारी विकास के लिए अब तक 4,164.95 करोड़ रुपये दिए गए हैं। 25 नवंबर तक राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) ने देश भर में सहकारी संस्थाओं के विकास के लिए कुल मिलाकर 4,67,455.66 करोड़ रुपये वितरित किए हैं।

शाह ने राज्यसभा में अपने लिखित उत्तर में कहा कि राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (एनसीडी) के अनुसार, कर्नाटक में कुल 46,798 सहकारी समितियां हैं, जिनके 2.38 करोड़ सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने 2021 में अपनी स्थापना के बाद से, 'सहकार-से-समृद्धि' के ध्ष्टिकोण को साकार करने और कर्नाटक सहित देश भर में डेयरी, चीनी और कृषि-सहकारिताओं को मजबूत करने के लिए कई पहल की हैं।

केंद्रीय मत्स्य पालन मंत्री राजीव रंजन ने राज्यसभा को बताया कि केंद्र ने अंतदेर्शीय मछुआरों पर मछलियों की मौत के आर्थिक प्रभाव या बंगाल की माथाभंगा और चुरनी नदियों में जलीय पारिस्थितिकी तंत्र पर दीर्घकालिक प्रभावों का आकलन करने के लिए कोई विशिष्ट मूल्यांकन नहीं किया है। एक लिखित उत्तर में रंजन ने कहा कि सरकार ने देश भर में नदी प्रदूषण को दूर करने के लिए कई पहल की हैं

## संपादक की कलम से

# मुनीर का क्या होगा?

पाकिस्तान के तनाव, संकट और विस्फोटक हमलों के सिलसिले अभी थमे नहीं हैं। फिलहाल यह अच्छी खबर सामने आई है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जिंदा हैं। उनसे 20 मिनट की मुलाकात के बाद बहिन डॉ. उज्मा खानुम ने पुष्टि की कि उनकी सेहत ठीक लगती है, लेकिन उन्हें मानसिक प्रताडा दी जा रही है। उन्हें लगभग पूरा दिन जेल के सेल में बंद, अकेले रखा जाता है।



ललित शर्मा
संपादक

किसी से कोई बातचीत नहीं, लिहाजा इमरान बहुत गुस्से में हैं। इन हालात के लिए उन्होंने आसिम मुनीर को दोषी करार दिया है। बहरहाल पाकिस्तान की सियासी, फौजी, हुकूमती पटकथा यहीं समाप्त नहीं होती, बल्कि यहां से नया मोड़ लेती है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ही संसद में 27वां संविधान संशोधन पारित कराया था और फील्ड मार्शल मुनीर के लिए चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस (सीडीएफ) का नया पद सृजित किया था। मुनीर को पाकिस्तान का नया तानाशाह बनाने की प्रक्रिया थी, क्योंकि संविधान संशोधन के बाद उन्हें राष्ट्रपति से भी ताकतवर बनाया जाना था। उन्हें सेनाओं का नया सुप्रीम कमांडर भी बनाया जाना था। उनके खिलाफ कोई अदालती, कानूनी केस दायर नहीं किया जा सकता, ऐसी छूट भी उन्हें दी जानी थी, लेकिन मुनीर प्रशासनिक तौर पर तानाशाह एक सरकारी अधिसूचना जारी होने के बाद ही बन पाते। प्रधानमंत्री शहबाज और उनके बड़े भाई, पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने खेला करा दिया। मुनीर यह खेला समझ नहीं पाए अथवा इससे बड़ा खेला उन्होंने सोच रखा है! मुनीर सेना प्रमुख के पद से 29 नवंबर को रिटायर हो गए और सीडीएफ की अधिसूचना जारी नहीं हुई, क्योंकि प्रधानमंत्री शहबाज बहरीन, यमन के प्रवास के बाद लंदन चले गए। वहां तीन दिन रहे। कहा जाता है कि वहां उन्होंने अपने मेडिकल टेस्ट कराए। पाकिस्तान लौटे, तो लाहौर में उतरे और बड़े भाई नवाज के साथ गुफ्तगू की। उसी दौरान मुनीर को लेकर रणनीति तय की गई, क्योंकि तानाशाह बनाने की आलोचना दुनिया भर में हो रही है। यह मामला संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग के स्तर पर उठाया गया। रूस और चीन ने भी आगाह किया, क्योंकि वे किसी भी कीमत पर अफगानिस्तान में तालिबान हुकूमत को हटा कर अमरीका का दोबारा हस्तक्षेप नहीं चाहते। चूंकि मुनीर विधिवत रूप से रिटायर हो गए और नई नियुक्ति तय नहीं हुई, लिहाजा संवैधानिक और सरकारी तौर पर मुनीर आज किसी भी पद पर नहीं हैं। प्रधानमंत्री शहबाज इस्लामाबाद भी लौट आए, लेकिन मंगलवार रात्रि तक उन्होंने सीडीएफ की फाइल पर दस्तखत नहीं किए थे, लिहाजा अधिसूचना भी जारी नहीं की जा सकी। प्रधानमंत्री ने मुनीर से मुलाकात भी नहीं की। क्या इसके मायने साफ हैं कि मुनीर के तानाशाह बनने के मंसूबे अधर में ही लटक कर रह गए हैं? पाकिस्तान के अनुभवी पत्रकारों और हुकूमत के अंदरूनी जानकारों के दावे हैं कि अब नवाज शरीफ प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं। उपचुनावों में उनकी पार्टी ने छह में से 5 सीटें जीत ली हैं। नवाज ने मुनीर की नई नियुक्ति के लिए शर्त रखी है कि इमरान खान को खत्म किया जाए अथवा देशनिकाला देकर विदेश जाने को बाध्य किया जाए।

# भारतीय रुपए की अंतरराष्ट्रीय स्थिति, वैश्विक मुद्राओं में मूल्यांकन और विजन 2047 का रोडमैप -एक विस्तृत विश्लेषण



वैश्विक स्तरपर दुनियाँ में 195 से अधिक देश हैं, और हर देश अपनी अलग मुद्रा का इस्तेमाल करता है।दुनियाँ में सबसे लोकप्रिय मुद्राएँ डॉलर, यूरो, पाउंड, दीनार रियाल, येन आदि हैं। एक देश से दूसरे देश की यात्रा करते समय, उस देश में लेन-देन करने के लिए मुद्रा विनिमय की आवश्यकता होती है ।सरकार मुद्रा जारी करती है;इसे वैध मुद्रा भी कहा जाता है। मुद्रा का मूल्य स्थिर नहीं रहता और हर दिन बदलता रहता है। मुद्रा का मूल्य विभिन्न देशों में अलग-अलग होता है।पिछले सप्ताह के दौरान, अमेरिकी डॉलर और भारतीय रुपये की विनिमय दर 02-12-2025 को 89.755 के उच्चतम स्तर और 25-11- 2025 को 89.0625 के निम्नतम स्तर के बीच उतार- चढ़ाव करती रही।24 घंटे में सबसे बड़ा मूल्य परिवर्तन 01-12-2025 को हुआ, जिसमें मूल्य में 0.235 प्रतिशत की वृद्धि हुई।भारतीय रुपए (आईएनआ?) की अंतरराष्ट्रीय स्थिति सदैव भारत की आर्थिक संरचना, विकास दर, निर्यात-आयात संतुलन और वैश्विक आर्थिक घटनाओं से गहराई से प्रभावित होती रही है। वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिवेश, जहाँ अमेरिका और यूरोप जैसी अर्थव्यवस्थाएँ अपनी मौद्रिक नीतियों को लगातार सख्त कर रही हैं, वहीं भारत जैसे उभरते देशों की मुद्राएँ प्रत्यक्ष रूप से डॉलर के उतार-चढ़ाव से प्रभावित हो रही हैं। इस स्थिति में भारतीय रुपया एक संक्रमणकाल में खड़ा है। एक ओर वह विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था की मुद्रा है, वहीं दूसरी ओर उसकी अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता और मूल्यांकन अभी भी सीमित है।डॉलर-निर्भर वैश्विक व्यापार प्रणाली में आईएनआ? की भूमिका बढ़ रही है लेकिन वह अभी भी उतनी दृढ़ नहीं हो सकी है कि उसे विश्व व्यापार की प्राथमिक मुद्राओं में शामिल किया जा सके। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि अंतरराष्ट्रीय स्तरपर भारतीय रुपया इस समय एक ऐसी मुद्रा के रूप में देखा जाता है जो स्थिर भी है औरचुनौतीपूर्ण भी। स्थिर इसलिए कि भारत का वित्तीय तंत्र मजबूत है, विदेशी मुद्रा भंडार विश्व के शीर्ष देशों में आता है, और आर्थिक विकास दर दुनियाँ में सबसे तेजों में है। लेकिन चुनौती इसलिए कि रुपये की विनिमय दर अभी भी बाहरी कारकों विशेषकर अमेरिकी डॉलर पर अत्यधिक निर्भर है। डॉलर के मजबूत होने से भारत जैसे देशों की मुद्राओं पर स्वतः दबाव आता है और यह दबाव बढ़ते विदेशी निवेश बहिर्वाह, अस्थिर वैश्विक बाजार और तेल-कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण और भी घना हो जाता है। इसी वजह से भारतीय रुपये की अंतरराष्ट्रीय मजबूती अक्सर वैश्विक परिस्थितियों से निर्धारित होती है, न कि केवल भारत की घरेलू आर्थिक क्षमता से जो महत्वपूर्ण कारक है। साथियों बात अगर हम वास्तविक प्रभावी विनिमय दर (आ?ईईआ?) के नजरिए से देखनें की करें तो तस्वीर अपेक्षाकृत संतुलित दिखाई देती है। यह दर व्यापारिक प्रतिस्पर्धा, मुद्रास्फीति और क्रय-शक्ति के आधार पर तय होती है। कई वर्षों के विश्लेषण से पता चलता है कि रुपया नाममात्र गिरता हुआ दिखता है, लेकिन वास्तविक प्रतिस्पर्धात्मकता उतनी खराब नहीं होती जितनी यूएसडी/आईएनआ? दर को देखकर समझा जाता है। इसका एक कारण यह भी है कि भारत का निर्यात आधार विस्तार कर रहा है, सेवा-क्षेत्र वैश्विक स्तर पर प्रमुख है, और घरेलू बाजार की स्थिरता बाहरी दबावों को किसी हद तक संतुलित करती है। साथियों बात अगर हम अब यदि हम भारतीय रुपये की तुलना अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं से करें, विशेषकर विकसित और विकासशील देशों की प्रमुख मुद्राओं से, तो वर्तमान स्थिति इस प्रकार उभरती है कि आईएनआ? अधिकांश अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले कमजोर है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगभग 89- 90 रुपये का मूल्य बताता है कि पिछले एक दशक में रुपये ने धीरे-धीरे कमजोरी दिखाई है। यूरो, ब्रिटिश पाउंड और जापानी येन जैसी स्थिर मुद्राओं के मुकाबले भी आईएनआ? का मूल्यांकन दशार्ता है कि भारत को अभी भी वैश्विक आर्थिक धारा में अधिक स्थिरता प्राप्त करने की आवश्यकता है।हालांकि यह भी ध्यान देने योग्य है कि मुद्रा की कमजोरी हमेशा नकारात्मक संकेत नहीं होती, कई देश जानबूझकर अपनी मुद्रा को प्रतिस्पर्धी बनाए रखते हैं ताकि निर्यात को बढ़ावा मिले और घरेलू उद्योगों को लाभ हो। भारत की

> और यदि यह यात्रा 2047 तक सही दिशा में चलती रही, तो आईएनआ? एक ऐसी मुद्रा हो सकती है जिसे दुनिया केवल उभरती अर्थव्यवस्था की मुद्रा के रूप में नहीं, बल्कि विकसित और स्थिर आर्थिक शक्ति के रूप में पहचानेगी। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि, भारतीय रुपये का भविष्य बेहद हद तक भारत की आर्थिक नीतियों, वैश्विक परिदृश्य, राजनीतिक स्थिरता, तकनीकी नवाचार और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों पर निर्भर करेगा।

परिस्थिति मिश्रित है:कमजोर मुद्रा से निर्यात को कुछ हद तक सहारा मिलता है, लेकिन ऊर्जा- आयात पर भारी निर्भरता भारतीय अर्थव्यवस्था पर महंगा प्रभाव डालती है।यदि मध्य एशियाई देशों, जैसे कजाखस्तान, उ ज बे कि स्ता ना, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान या तुर्कमेनिस्तान की मुद्रा के मुकाबले आईएनआ?की स्थिति का आकलन किया जाए, तो स्पष्ट होता है कि यहाँ आईएनआ? कुछ मामलों में अधिक स्थिर दिखाई देता है। कई मध्य एशियाई देशों की मुद्रा राजनीतिक अस्थिरता, राजकोषीय सीमाओं और व्यापारिक निर्भरता के कारण अधिक उतार-चढ़ाव का सामना करती है। ऐसे में आईएनआ? अपेक्षाकृत स्थिर मुद्रा है, जिससे भारत और मध्य एशिया के बीच व्यापारिक संबंधों में सकारात्मक अवसर बनते हैं।चूंकि भारत इन देशों के साथ ऊर्जा, रक्षा, शिक्षा, फार्मास्यूटिकल और तकनीकी सहयोग बढ़ा रहा है, इसलिए आईएनआ? का इन क्षेत्रों में लेन-देन मूल्य धीरे-धीरे बढ़ सकता है।

साथियों बात अगर कर हम अब भारतीय रुपये के भविष्य की बात करें तो विशेषकर विजन 2047 के संदर्भ में, तो तस्वीर अत्यंत रोचक और बहुआयामी है। भारत का लक्ष्य 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का है। यदि यह लक्ष्य आर्थिक संरचना, नीति-निर्माण, उद्योग-विकास, अवसंरचना विस्तार और तकनीकी शक्ति के आधार पर पूरा होता है, तो निश्चित ही आईएनआ? की वैश्विक स्थिति आज की तुलना में कहीं अधिक मजबूत होगी। भारत 2047 तक 26 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के अनुमान के साथ चलता है, जहाँ प्रति व्यक्ति आय में भी कई गुना वृद्धि होगी।इस तरह की विशाल आर्थिक क्षमता मुद्रा की अंतरराष्ट्रीय विश्वसनीयता को स्वाभाविक तौर पर बढ़ाएगी।

> साथियों बात अगर हम 2047 के भारत में रुपया कैसा होगा, इसको समझने की करें तो यह सवाल आर्थिक नीति–निमार्ताओं, बाजार विशेषज्ञों और वैश्विक निवेशकों के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है। यदि भारत वर्तमान विकास दर को बनाए रखता है, ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ाता है, विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत करता है, व्यापार– घाटा नियंत्रित रखता है, और अधिक देशों के साथ रुपये में व्यापार शुरू करता है, तो यह संभव है कि आने वाले वर्षों में आईएनआर अधिक स्थिर और मजबूत मुद्रा के रूप में उभरे। इसके अलावा, डिजिटल मुद्रा (सीबीडी सी, सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी), फिनटेक, डिजिटल भुगतान, और वैश्विक मुद्रा– विनिमय नेटवर्क में भारत की सक्रियता रुपये की स्वीकार्यता बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाएगी।2047 में आईएनआ? की संभावित विनिमय दर का अनुमान लगाना कई अनिश्चितताओं के कारण कठिन है। परंतु विकासशील और विकसित होने की दिशा में बढ़ रहे भारत की आर्थिक संरचना बताती है कि रुपये का अंतरराष्ट्रीय मूल्यांकन आज जैसा नहीं रहेगा। यह मजबूत भी हो सकता है, स्थिर भी हो सकता है, और वैश्विक मुद्रा–प्रणाली में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका भी निभा सकता है। यदि भारतीय अर्थव्यवस्था निर्यात–प्रधान बनती है तो आईएनआ? की मजबूती बढ़ेगी। यदि भारत ऊर्जा –आयात पर निर्भरता कम करता है और रक्षा, तकनीक, एआई, फार्मा, अंतरिक्ष, सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में अग्रणी बनता है, तो आईएनआ? का मूल्यांकन आज की तुलना में कहीं अधिक अनुकूल हो सकता है।रुपये की मजबूती केवल डॉलर की तुलना से नहीं मापी जाती। किसी भी मुद्रा की प्रभावशाली स्थिति उसके क्रय–शक्ति, स्थिरता, वैश्विक उपयोग, व्यापार–संतुलन और निवेशकों के भरोसे से तय होती है।



गोदिया

## उदय किशोर साह



### मरहम भी काम ना आया

कविता

दीपक बाती की तरह अरमान जले
घायल हुआ मेरा दिल आसमान तले
जख्मों से आ रही है अब चीख पुकार
प्रीत के बीच खड़ी हो गई है। दीवार

प्रेम की मरहम कोई भी काम ना आया
मेरी गुलशन में आज वीरानी सी है छाया
बहारों को मैंने रूठते हुए चमन में पाया
कैसी कैसी उन्होंने मुझ पे सितम है ढ़ाया

मन में कितने थे ख्वाब को सजाया था हमने
व्यंग की तीर चलाया था जग में तब सबने
फिर भी मैंने उनको दिलोजान से था चाहा
हर जोखिम को उस वक्त पास पास था पाया

पर बेवका कैसी कर गई हमसे बेवफाई
हमारी मोहब्बत को एक पल में ठुकरई
जग संसार में हो रही है मेरी रूसवाई
सारी मिहनत भी कोई काम ना है। आई

कैसी सजा दे गई ओ मेरे प्रेमी बेईमान
बन गई तूँ क्यूँ जालिम बेर्दद शैतान
जब कि मैं था एक सीधा सादा इन्सान
क्यूं मौन बन कर देख रहा है ओ भगवान

# ट्रेंड अलर्ट! विंटर सीजन में कश्मीरी कुर्तियां बनीं पहली पसंद, कॉलेज से ऑफिस तक छाएंगे ये नए स्टाइल्स

सर्दियों में आप इन कश्मीरी कुर्तियों को पहनकर आप खुद को ठंड से बताने के साथ अपने लुक को भी स्टाइलिश बना सकती हैं। इन कुर्तियों के साथ आप क्लासी हेयर स्टाइल, लॉन्ग इयररिंग्स और मिनिमल मेकअप के साथ खुद को ग्लैमरस टच दे सकती हैं। अगर आप भी इस विंटर सीजन अपने लिए कुछ यूनिक स्टाइल करना चाहती है, जिससे कि आपका लुक स्टाइलिश और सबसे जुदा नजर आए। तो आज हम आपको कश्मीरी कुर्तियों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको कैरी करके आप अपने लुक को गॉर्जियस बना सकती हैं। इस तरह की कुर्तियां कॉलेज से लेकर ऑफिस और फंक्शन तक में पहनकर जा सकती हैं। यह पहनने में काफी आरामदायक होती हैं और इनको कैरी करके आप अपनी ब्यूटी को भी इन्हेंस करती है। सर्दियों में आप इन कश्मीरी कुर्तियों को पहनकर आप खुद को ठंड से बताने के साथ अपने लुक को भी स्टाइलिश बना सकती हैं। इन कुर्तियों के साथ आप क्लासी हेयर स्टाइल, लॉन्ग इयररिंग्स और मिनिमल मेकअप के साथ खुद को ग्लैमरस टच दे सकती हैं। वहीं इन कुर्तियों के साथ आप हाई हील्स और जूती भी कैरी कर सकती हैं। तो आइए देखते हैं कश्मीरी कुर्तियों के लेटेस्ट डिजाइंस के बारे में...

**ग्रीन कश्मीरी कुर्ती:** ग्रीन कलर की कश्मीरी कुर्ती पहनने में काफी ज्यादा अच्छी लगती है। इस कुर्ती के साथ आप व्हाइट हाईनेक कैरी करके आप खुद को गॉर्जियस और स्टाइलिश लुक पा सकती हैं। इस लुक में परफेक्ट फैशन स्टेटमेंट देने के साथ यह आपको सर्दी से भी बचाएगा। इस कुर्ती के फ्रंट में पिंक का चिकनकारी वर्क हो रहा है। वहीं कुर्ती के बॉर्डर पर एम्ब्रॉयडरी हो रही है। इस कश्मीरी कुर्ती के संग सिल्वर कुंदन इयररिंग्स पहन सकती हैं और पोनी हेयर स्टाइल रखें। आपको इस तरह की कुर्ती 800 से 1200 रुपए तक ऑनलाइन खरीद सकती हैं।

**व्हाइट कश्मीरी कुर्ती:** अगर आपको व्हाइट आउटफिट पहनना पसंद है, तो इस तरह की व्हाइट कश्मीरी कुर्ती बेस्ट ऑप्शन होगा। हर मौके पर व्हाइट कलर काफी रॉयल लुक देता है। इस कुर्ती की मिड लेंथ है और इस पर ग्रीन और पिंक कलर के थ्रेड का काफी वर्क किया गया है। वहीं कुर्ती की बाजू में लूज फिटिंग है। इस कुर्ती का ओवरऑल लुक बेस्ट है और आप रेड या व्हाइट प्लाजो के संग पेयर कर सकती हैं। ऑक्सीडाइज झुमकी बेस्ट ऑप्शन है और साथ ही बालों को खुला रखें।


**मस्टर्ड येलो कश्मीरी कुर्ती:** सर्दियों में लुक को क्लासी टच देने के लिए आप मस्टर्ड येलो कलर की कश्मीरी कुर्ती स्टाइल कर सकती हैं। इस कुर्ती को आप सर्दियों में कैरी करके ऑफिस जा सकती हैं। इस कुर्ती की फिटिंग लूज है और दोनों साइड पॉकेट लगी है। इस कश्मीरी कुर्ती के यॉक पर फ्लोरल थ्रेड वर्क नजर आ रहा है। इन कुर्तियों का फैब्रिक वुलन होता है और इन पर अधिकतर थ्रेड वर्क ही किया जाता है। कश्मीरी कुर्ती के साथ आप मैचिंग बीड्स झुमकी पहनें और पैरों में जूती पहनें। इससे आपको परफेक्ट लगेगा।





# दिसंबर में 10 हजार में घूमें ये 3 शानदार जगहें, बजट में मजेदार सफर का प्लान

अब घूमना फिरना सिर्फ शौक नहीं बल्कि जिंदगी की भागदौड़ में अपने आप को फिर से फ्रेश करने का तरीका बनता जा रहा है। लेकिन हर किसी के पास इतना पैसा नहीं है कि वह हर महीने ट्रिप प्लान कर सकें। इसलिए कुछ लोग पहले पैसे इकट्ठे करते हैं और फिर घूमने का प्लान बनाते हैं। आज के समय में लोगों के पास खुद के लिए समय नहीं होता है। काम का प्रेशर इतना अधिक होता है कि वह खुद को सुकून देने के लिए बाहर कहीं घूमने की योजना बनाते हैं। वहीं अब घूमना फिरना सिर्फ शौक नहीं बल्कि जिंदगी की भागदौड़ में अपने आप को फिर से फ्रेश करने का तरीका बनता जा रहा है। लेकिन हर किसी के पास इतना पैसा नहीं है कि वह हर महीने ट्रिप प्लान कर सकें। इसलिए कुछ लोग पहले पैसे इकट्ठे करते हैं और फिर घूमने का प्लान बनाते हैं। कम बजट में घूमने वाले लोगों के लिए 10,000 रुपए भी बहुत अधिक होते हैं। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके लिए कुछ ट्रैवल लिस्ट लेकर आए हैं। ऐसे में अगर आप भी इन जगहों पर जाने का प्लान बनाती हैं, तो आसानी से कम बजट में आराम से घूम सकेंगी।



**कसौल:** दिल्ली से पहले भुंतर और फिर कसोल की बस लें। सर्दियों में बर्फीली घाटियां और सुकून वाली जगहें ढूंढ रहे लोगों के लिए बेस्ट जगह है। फ्रेंड्स, परिवार और कपल्स के लिए यह अच्छी है। यहां आने के लिए रात में बस लें, जिससे होटल का एक दिन का किराया बच सके। आप गेस्ट हाउस या होमस्टे में रात गुजार सकते हैं। आप कम खर्चे के लिए लोकल ढाबों और स्टॉल्स से खाना खाएं। निकलने से पहले वॉटर बॉटल, स्नैक्स और पावर बैंक रखना न भूलें।

**नैनीताल:** नैनीताल जाने के लिए आप दिल्ली से हल्द्वानी या काठगोदाम के लिए बस पकड़ें। इसके बाद नैनीताल पहुंचे। कपल्स के लिए नैनीताल एक परफेक्ट लोकेशन माना जाता है। हालांकि अगर आप बजट का ध्यान नहीं रखेंगी, तो अधिक खर्च हो सकता है। यहां का मौसम ठंडा होता है। नैनीताल में पहाड़, झीले, हरा-भरा वातावरण और शांत वातावरण इस जगह को खास बनाती हैं। आपको यहां पर बस से आना सस्ता पड़ेगा। आप नाइट बस लें, जिससे कि एक दिन का होटल का किराया बच सके। वहीं नैनी झील में बोटिंग कर सकती हैं। लेकिन प्रयास करें कि एक्टिविटी पर अधिक खर्च न करें। यहां के नजारे का और वातावरण का आनंद उठाएं। क्योंकि अलग-अलग एक्टिविटी पर अधिक खर्च हो सकता है।

**ऋषिकेश:** आप दिल्ली से ऋषिकेश के लिए सीधा बस पकड़ सकती हैं। आप 10 हजार के बजट में आराम से ऋषिकेश को एक्सप्लोर कर सकते हैं। हालांकि यहां पर भीड़ काफी होती है। एक रात के लिए 800-900 रुपए में होटल मिल जाएगा। वहीं जो लोग सस्ती में अच्छी जगह को एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो ऋषिकेश आपके लिए बेस्ट डेस्टिनेशन हो सकता है। यहां पर आप आरती, घाट और शाम को सुकून के लिए गंगा किनारे आराम से घूम सकती हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक: ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# थाना गंज रामपुर पुलिस द्वारा गुमशुदा बालिका बच्चे को 20 मिनट के अंदर परिजनों से सम्पर्क कर परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया

वेलकम इंडिया

**रामपुर।** मिशन शक्ति केन्द्र, थाना गंज ने 07 वर्ष की बच्ची व 03 वर्ष के बच्चे के गुमशुदा होने की सूचना पर थाना गंज रामपुर पुलिस द्वारा गुमशुदा बालिका / बच्चे को 20 मिनट के अंदर परिजनों से सम्पर्क कर परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को सुदृढ़ बनाने हेतु मिशन शक्ति केन्द्र, थाना गंज द्वारा गुमशुदा बालिका निवासी दिल्ली तुर्कमान गेट पंत हॉस्पिटल उम्र करीब 7 वर्ष जो अपनी रिश्तेदारी मोहल्ला घेर इनायत दूल्हा खा थाना गंज जनपद रामपुर आयी थी जो घर से बहार रास्ता भटक गयी थी जिसकी सूचना उसकी माता द्वारा थाना गंज पर मिशन शक्ति केंद्र गंज पर दी गई जिस पर प्रभारी निरीक्षक गंज व उप निरीक्षक संदीप कुमार शर्मा और मिशन शक्ति टीम के द्वारा तुरंत कार्यवाही करते हुए बच्ची को 20 मिनिट के अंदर मोहल्ला घेर तौगा पांच कब्र से खोज कर थाने पर लाया गया बालिका के परिजनों से संपर्क कर मिशन शक्ति केंद्र बुलाकर उसके परिजनों को सकुशल सुपुर्द कर थाने से रवाना किया गया। तथा गुमशुदा बच्चा उम्र करीब 3 वर्ष निवासी मछली बाजार थाना गंज जो अपने घर के बाहर खेलते खेलते रास्ता भटक कर कहीं निकल गया था जिसकी सूचना उसके पिता द्वारा थाना गंज मिशन शक्ति केंद्र पर दी गई थी उक्त सूचना पर तुरंत कार्यवाही करते हुए मिशन शक्ति केन्द्र थाना गंज की टीम के द्वारा तुरंत कार्यवाही करते हुए बच्चे को 20 मिनिट के अंदर खोज कर थाने पर लाया गया बच्चे के परिजनों से संपर्क कर मिशन शक्ति केंद्र बुलाकर उसके परिजनों को सकुशल सुपुर्द कर थाने से रवाना किया गया। रामपुर पुलिस के इस कार्य की परिजनों द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी।



# दीपिका सिंह ने वेटलिफ्टिंग में जीता स्वर्ण पदक



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर :** हल्दौर डिग्री कॉलेज हल्दौर में अध्यनरत बीकॉम थर्ड सेमेस्टर की छात्रा दीपिका सिंह पुत्री संजीव कुमार ने केदारनाथ गिरधारी लाल खत्री पीजी कॉलेज मुरादाबाद में आयोजित वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता कैटिगरी 72 केजी में अपने अथक प्रयास से स्वर्ण पदक जीतकर अपने परिवार महाविद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अपनी इस जीत के बाद दीपिका सिंह महाविद्यालय पहुंची। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार व रूबी शर्मा ने संयुक्त रूप से मैडल पहनाकर दीपिका सिंह का स्वागत और सम्मानित किया। उनकी इस उपलब्धि से महाविद्यालय की अन्य छात्राओं को भी आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है

# बूथ संख्या 324 जागरूकता अभियान चलाकर सभी मतदाताओं के फार्म भरवाने का किया आह्वान: ज्ञानेंद्र राघव

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर बुधवार को विधानसभा क्षेत्र अनूपशहर के एसआईआर कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर में बीएलओ 2 और बीएलओ से चल रहे भाजपा के सारे पर चुनाव आयोग द्वारा वोट काटने की साजिश के नाम पर एसआईआर में भरे जा रहे फॉर्म व महिलाओं के फॉर्म कम भरे जाने व उनकी माता-पिता की डिटेल देरी से देने पर बीएलओ 2 बूथ संख्या 324 से मंडल अध्यक्ष कांग्रेस मलकपुर से जागरूकता अभियान चलाकर शीघ्र सभी के फॉर्म जमा करते हुए भाजपा पर दलित वंचित जनता को के साथ-साथ योग्य मतदाताओं का एसआईआर के नाम पर वोट काटने का आरोप लगाते हुए कार्यकताओं से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लड़ी जा रही वोट चोरी व एसआईआर के खिलाफ लड़ाई को बूथ स्तर पर मजबूत कर कांग्रेस को मजबूत करने का आह्वान किया जागरूकता चौपाल में टिंकू शर्मा, प्रवेंद्र शर्मा, बिनानी पवार, क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपक कुशवाह, मंडल अध्यक्ष मलकपुर सलमान सिद्दीकी, गजेंद्र पाल, महावीर कुशवाह, दुष्यंत राघव आदि सम्मिलित रहे।

## गैंगस्टर में वांछित 03 शातिर अपराधी गिरफ्तार, एक अभियुक्त के कब्जे से अवैध असलहा एवं कारतूस बरामद

बुलंदशहर थाना गुलावठी पुलिस द्वारा गैंगस्टर में वांछित 02 शातिर अपराधियों को दौराने चैकिंग अण्डर बाईपास गुलावठी से एवं 01 शातिर अभियुक्त दीपक पुत्र मदनलाल निवासी संतोषपुरा अलकपुर रोड़ फ्लोर थाना फ्लोर जनपद जालन्धर पंजाब को नत्थूगढ़ी गेट के पास से अवैध असलहा व कारतूस सहित वसीम उर्फ हसीन पुत्र रफीक निवासी गली नं0-8 मौहल्ला चौधरीवाडा थाना सिकन्द्राबाद संदीप पुत्र थम्मनलाल उर्फ छम्मनलाल निवासी छोटी चंडी मंदिर गांधी विहार थाना हापुड जनपद हापुड दीपक पुत्र मदनलाल निवासी संतोषपुरा अलकपुर रोड़ फ्लोर थाना फ्लोर जनपद जालन्धर पंजाब को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं।

# दिव्यांगों को सहायक उपकरण निशुल्क वितरण किए

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के प्रांगण में संपादित कार्यक्रम में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा सहायक उपकरणों का निशुल्क वितरण किया गया। अध्यक्ष जिला पंचायत बिजनौर चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह द्वारा कार्यक्रम की सफलता हेतु अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी सरकार अनेक क्षेत्रों में सामाजिक न्याय की दृष्टि से कार्य कर रही है। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर समाज के विकलांग जनों को बैटरी चलित ट्राई साइकिल, सादी रिक्शा, बैसाखियां, कान की मशीने और मानसिक रूप से मंदबुद्धि बालकों के लिए अनेक प्रकार के टी एल एम उपकरण वितरण किए गए।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में दिव्यांग जनों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए निरंतर समाज सेवा का संकल्प लिया। विदुर



मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ उर्मिला कार्या ने सभी विकलांग जनों यथोचित सहायता करने के लिए मानव सेवा समाज सेवा को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की बात कही। लाभार्थियों को 13 बैटरी चलित रिक्शा और 14 मैन्युअल रिक्शा तीन व्हीलचेयर ,कान की मशीने और बैसाखियां इत्यादि वितरित की गई। भारतीय रेड क्रॉस समिति के चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर द्वारा सभी दिव्यांग जनों के साथ-साथ उपस्थित निर्धन व्यक्तियों को ढाई सौ कंबलों का वितरण भी किया गया। सभा को चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर। डायरेक्टर डा विशाल, रोबिन कुमार, योगेश ठाकुर सुनील एवं सुनील भारद्वाज (वीरा कॉलेज) अनुज पाठक, समिति के पैटर्न महबूब अली, भुवन पांडे। सौरभ अग्रवाल आदि इन सभी व्यक्तियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र पाल सिंह योगी ने किया।

## आगरा पुलिस कमिश्नरेट ने कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया: थाना एकता का उद्घाटन



वेलकम इंडिया

आगरा पुलिस कमिश्नरेट ने कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने नवनिर्मित थाना एकता का उद्घाटन किया, जो नागरिकों को सुलभ और पारदर्शी पुलिस सेवाएं प्रदान करेगा। नए भवन में सीसीटीवी निगरानी, डिजिटल रिकॉर्डिंग सिस्टम, वीआईपीआर जैसी उन्नत सुविधाएं उपलब्ध हैं। थाने का निर्माण ताजगंज थाने के अंतर्गत आने वाले विस्तृत ग्रामीण इलाकों की बढ़ती आबादी और अपराध दर को ध्यान में रखकर किया गया है। इससे ताजगंज थाने का कार्यभार कम होगा और स्थानीय स्तर पर पुलिसिंग अधिक प्रभावी बनेगी। पुलिस आयुक्त ने स्थानीय नागरिकों और ग्राम प्रहरियों से संवाद स्थापित किया और उन्हें सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने ग्राम प्रहरियों को विशेष किट वितरित की और उन्हें थाने के साथ समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए। थाना एकता के पहले थाना प्रभारी निरीक्षक हंसराज सिंह भदौरिया ने थाने के नवनिर्माण और बेहतर पुलिसिंग के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उनके नेतृत्व में थाना अब 53 से अधिक इलाकों को कवर करेगा, जिनमें लगभग 2.5 लाख आबादी निवास करती है। आगरा कमिश्नरेट में थानों की संख्या अब 49 हो चुकी है। भविष्य में तोरा चौकी के अलावा दो नई चौकियां भी स्थापित की जाएंगी, और आगरा सिटी जोन को उत्तर एवं दक्षिण में विभाजित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है। इस कदम से आगरा पुलिस कमिश्नरेट की कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी और नागरिकों को बेहतर पुलिस सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी।

## जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने दिव्यांग लाभार्थी को प्रदान की ट्राईसाइकिल

**रामपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत दिव्यांग श्री नेपाल सिंह, निवासी मोमिनपुर अहमदाबाद, तहसील बिलासपुर को ट्राईसाइकिल प्रदान की। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि कोई भी पात्र लाभार्थी योजनाओं से वंचित न रहे। जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है कि दिव्यांगजन समेत कमजोर व वंचित वर्ग के लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से और बिना किसी विलम्ब के उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्यधारा में और अधिक सशक्त रूप से जुड़ सकें।

# समय से पहले एसआईआर कार्य पूरा करने पर टाण्डा की तीन महिला बीएलओ सम्मानित

वेलकम इंडिया

टाण्डा। बुधवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय में विशेष रूप से आयोजित सम्मान समारोह में नगर की तीन महिला बीएलओ को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। ये बीएलओ निर्धारित समय से काफी पहले ही एसआईआर का कार्य पूर्ण कर लक्ष्य प्राप्त करने वाली पहली कर्मी बनीं। सम्मानित होने वाली बीएलओ में राकिबा खातून, पूनम गुप्ता और रेखा शामिल हैं। इन्हें अधिशासी अधिकारी वंदना शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम ने प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी, सीडीपीओ, सुपरवाइजर नफासत अली और अब्दुल रऊफ सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

अधिशासी अधिकारी वंदना शर्मा और हाजी सरफराज आलम ने कहा कि इन महिला बीएलओ ने पूर्ण जिम्मेदारी, कर्तव्यनिष्ठा और लगन से काम करते हुए नगर में सबसे पहले अपना लक्ष्य हासिल किया है। उनकी मेहनत सराहनीय है और ये अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणा हैं। इस सम्मान समारोह से अन्य बीएलओ में भी समय से कार्य पूरा करने का उत्साह जागा है। नगर पालिका प्रशासन ने शेष बीएलओ से भी शीघ्र कार्य पूर्ण करने की अपील की है।



## टूटे घरों को फिर से बसाया महिला सैल प्रभारी बोबेश द्वारा पति पत्नी को किया गया एक साथ रहने को राजी

बुलंदशहर प्रभारी महिला सैल/परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी बोबेश द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप 02 दम्पति को एक साथ रहने हेतु किया गया राजी बुधवार को पति-पत्नी के परिवारिक विवाद सम्बन्धी मामले में दोनों पक्ष के लोग उपस्थित आये। महिला सैल/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए 02 प्रार्थना पत्र में दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक- दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेगें। प्रभारी महिला सैल/काउंसलरों द्वारा दंपति को नवजीवन की शुरूआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नही करेंगे और आपस में प्यार से रहेगें।

# जेपी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने किया नाम रोशन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**चांदपुर :** जेपी पब्लिक स्कूल धनौरा रोड चांदपुर के छात्रों ने गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग जनपद बिजनौर द्वारा आयोजित माननीय विधायक खेल स्पर्धा 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल की वॉलीबॉल टीम ने उत्साह और टीम भावना के साथ खेलते हुए जीत हासिल की, जबकी अयान ने 200 मीटर दौड़ में सभी प्रतियोगियों को पीछे छोड़कर पहला स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन में रुद्राक्ष ने सिंगल कैटेगरी में तृतीय स्थान और दूसरे वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करके अपनी बढ़िया खेल कला का प्रदर्शन किया। अक्षित और लतित के प्रदेश प्रतियोगिता के लिए चुनाव होना स्कूल के लिए एक और गर्व का क्षण बन गया। शॉट पुट स्पर्धा में मुकुल चौहान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया और स्कूल को पदक तालिका में एक और उपलब्धि दी। उपलब्धियों के पीछे स्कूल के शारीरिक अध्यापक निकेंद्र तोमर और सुरजीत देओल का मार्गदर्शन और मेहनत सराहनीय रही ,साथ ही युवा कल्याण अधिकारियों का सफल आयोजन और खेल भावना को बढ़ावा देने का प्रयास प्रशंसा कर रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि जेपी पब्लिक स्कूल के युवा खिलाड़ियों ने साबित कर दिया हैं कि मेहनत अनुशासन और उत्साह के दम पर हर मंच पर कामयाबी का झंडा लहराया जा सकता है।



# तेज-रफ्तार कार ट्रेलर में घुसी, मासूम समेत चाचा की मौत, पिता गम्भीर घायल

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**चिल्हिया/सिद्धार्थनगर।** चिल्हिया थाना क्षेत्र के एनएच-730 पर महादेव और बरगदवा गांव के बीच बुधवार दोपहर एक सड़क हादसा हो गया।एक तेज रफ्तार कार सामने खड़े ट्रेलर में जा घुसी, जिसमें कार चालक महाराणा प्रताप सिंह (42) और मासूम उदित की मौत हो गई।

हादसा इतना भीषण था कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक महाराणा प्रताप सिंह को बाहर निकालने में पुलिस और राहगीरों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। कार में चालक के साथ उनके पिता अखिलेश सिंह (60) और अखिलेश सिंह के मंझले पुत्र का ढाई वर्षीय बेटा भी सवार थे।टक्कर लगते ही अखिलेश सिंह और बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सभी घायलों को एम्बुलेंस से माधव प्रसाद तिवारी मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है।

वहीं इलाज के दौरान ढाई वर्ष के उदित की भी मौत हो गई है। उदित मृतक महाराणा प्रताप सिंह के भतीजे थे। वहीं मृतक महाराणा प्रताप सिंह के पिता अखिलेश सिंह की इलाज माधव प्रसाद तिवारी मेडिकल कॉलेज में जारी है। शिवपति डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल अरविंद कुमार सिंह के भतीजे मृतक महाराणा प्रताप सिंह और नाती उदित की मौत हुई है।पुलिस ने मृतक महाराणा प्रताप सिंह के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा और नेशनल हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। कार को क्रेन की मदद से हटाया गया, जिसके बाद यातायात पुनः सामान्य हो सका। जानकारी के अनुसार, मृतक महाराणा प्रताप सिंह चिल्हिया थाना क्षेत्र के धुसुरी बुजुर्ग गांव के निवासी थे। परिवार को इस हादसे की खबर मिलते ही गहरा सदमा लगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएच-730 पर भारी वाहनों के खड़े रहने और तेज रफ्तार वाहनों की वजह से हादसों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने प्रशासन से इस मार्ग पर सख्त निगरानी और वाहन चालकों में जागरूकता बढ़ाने की मांग की है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है और ट्रेलर चालक की तलाश में जुटी है।

## ब्लॉक प्रमुख की फर्म से 13 लाख रुपए की धोखाधड़ी का आरोप

**पहासू/बुलंदशहर।** पहासू ब्लाक प्रमुख दिवा रानी की फर्म से कैशियर द्वारा खातों में फर्जी एंट्री कर 13 लाख 13 हजार रुपये के गबन का मामला उजागर हुआ है। पुलिस ने कैशियर मोहित कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पहासू की ब्लाक प्रमुख दिवा रानी सिंह की सोमना रोड पर मास्टरजी किसान सेवा केंद्र नाम से खाद बीज तथा कीटनाशक दवाओं की फर्म है। उक्त फर्म पर मोहित नाम का व्यक्ति कैशियर के रूप में तैनात था। कैशियर ने बिना उनकी सहमति के खरीदारों से छल कपट व धोखाधड़ी करके दुकान की रकम फर्म के खाते में जमा न कर अपने पेटीएम के द्वारा अपने निजी खाते में जमा कराई कई ग्राहकों से मई 23 से दिसंबर 24 तक 24 बार करीब 3 लाख की रकम तथा कई अन्य ग्राहकों से कई बार मे कुल 13 लाख 13 हजार सात सौ अड़तीस रुपये की हेराफेरी का मामला उजागर हुआ है।

# डीसीपी ने मिजार्मुराद थाने का किया निरीक्षण, क्षेत्र में गश्त कर दिये निर्देश

वेलकम इंडिया



**मिजार्मुराद।** डीसीपी गोमती जोन आकाश पटेल ने बुधवार की दोपहर में मिजार्मुराद थाने पहुंच औचक निरीक्षण किया।इस दौरान डीसीपी द्वारा थाना परिसर का भ्रमण कर स्वच्छता, शस्त्रों के रख-रखाव की स्थिति, लावारिस वाहनों एवं मालों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की गई तथा परिसर की स्वच्छता को उच्च स्तर पर बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया।

वही निरीक्षण के दौरान कार्यालय में रखे हुए रजिस्टरों अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने के लिए बोला गया साथ ही मालखाना, बंदीगृह, भोजनालय, आरक्षी आवास, बैरक, सीसीटीएनएस कक्ष एवं निमार्णाधीन भवन का भी विस्तार से निरीक्षण किया गया।

थानों में मौजूद उपनिरीक्षकों के साथ गोष्ठी कर लंबित विवेचनाओं, प्राप्त प्रार्थना-पत्रों तथा उन पर की जा रही कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा किये और आईजीआरएस पर गम्भीरता बरते का सलाह देते हुए निस्तारण हेतु बोले।डीसीपी आकाश पटेल द्वारा पुलिसकर्मियों के साथ मिजार्मुराद बाजार में गश्त किया गया और दुकानदारों एवं प्रतिष्ठान संचालको को अपने-अपने दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु जरूरी निर्देश दिया गया।वही सर्विस रोड पर अवैध रूप से खड़ी वाहनों के खिलाफ थाना प्रभारी मिजार्मुराद प्रमोद कुमार पांडेय को चालान करने हेतु आदेशित किये।इस दौरान मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय, खजुरी चौकी प्रभारी विवेकानंद द्विवेदी, कछवांरोड चौकी प्रभारी गणेश पटेल, करधना चौकी प्रभारी अजीत मिश्रा, एसएसआई अजय तिवारी, एसआई रामचन्द्र यादव, मधुसूदन त्रिपाठी, महेन्द्र सरोज, साबिर खान, अविनाश सिंह, कौशल किशोर, अनुजा गोस्वामी समेत समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### समाज सेवी राम पूजन सोनी फीता काट कर किया शुभारंभ



वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** टीका उत्सव कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग के तरफ से बुधवार को नावडीह में पंचायत भवन में राम पूजन सोनी ने टीका करण का फीता काट कर किया शुभारंभ। कुल 15बच्चों को टीका करण किया, 13 गर्भवती महिलाओं को जांच किया।जो मौके पर ए एन एम धर्मावती, आंगन वाडी गीता चौधरी फास्ट, गीता चौधरी द्वितीय, आशा संगीता देवी आदि लोग मौजूद थी ।बिस्कोहर कस्बा स्थिति प्राथमिक विद्यालय द्वितीय पर टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान वार्ड सभासद शाहिद अजीज ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। सुबह 10बजे से दोपहर चार बजे तक 0 से 5 साल तक के 22 बच्चों के साथ 6 महिलाओं को टीका लगाया गया। इस मौके सुपरवाइजर धीरज राय , एएनएम शारदा देवी, आशा कार्यकर्ता छाया , साक्षी, आंगनवाड़ी सुनीता गुप्ता आदि मौजूद रही।

### जमानतदारों पर किठौर पुलिस का बड़ा शिकंजा, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज




**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** जमानतदारों के सत्यापन अभियान के दौरान बड़ा खुलासा सामने आया है।मेरठ जोन के एडीजी और एसएसपी के निर्देश पर हुई जांच में पता चला कि चार जमानतदार लगातार अलग-अलग संगीन मामलों के आरोपियों की जमानत ले रहे थे, जबकि शपथपत्र में उन्होंने अपनी पहली जमानत बताई थी। इसे भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 229(1) का उल्लंघन मानते हुए पुलिस ने किठौर थाने में मुकदमा पंजीकृत किया है।थाने के जमानत तस्दीक रजिस्टरों की जांच में सामने आया कि महावीर पुत्र ताराचन्द्र, रजनेश पुत्र प्रेम (दोनों निवासी ग्राम मुरादपुर उर्फ शौल्दा और फरागत पुत्र तुल्लन, खुर्शीद पुत्र तुल्लन दोनों निवासी ग्राम नित्यानंदपु ने चोरी, धोखाधड़ी, डकैती, पॉक्सो और गैंगस्टर एक्ट जैसे मामलों के आरोपियों की कई बार जमानत ली थी।झूठा शपथपत्र देने पर चारों के खिलाफ मुकदमा बीएनएस में दर्ज कर पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### स्कॉर्पियो के धक्के से बाइक सवार दो घायल

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के चित्रसेनपुर (मिजार्मुराद) स्थित सब्जी मंडी के सामने हाइवे पर बुधवार की देर शाम प्रयागराज के तरफ आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक में पीछे से धक्का मार दिया।जिससे बाइक सवार भदोही जिले के औराई थाना क्षेत्र के तुलसीपुर गांव निवासी मुरली उर्फ मंटू कुमार उम्र (30) वर्ष व नानक कुमार उम्र (29) वर्ष घायल हो गए।ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से कछवांरोड स्थित प्रकाश हॉस्पिटल में भर्ती करवाकर क्षतिग्रस्त बाइक को पुलिस चौकी ले आई।घटना के बाद स्कॉर्पियो वाराणसी के तरफ भाग निकली।बाइक सवार एक शादी में शामिल होने वाराणसी जा रहे थे।

### नि:शुल्क उपकरण वितरण 5 को

**मथुरा/बलदेव।** समग्र शिक्षा (समेकित शिक्षा) के अंतर्गत निःशुल्क उपकरण वितरण का कार्यक्रम ब्लॉक संसाधन केंद्र बलदेव पर 5 दिसंबर शुक्रवार को होगा।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक पूरन प्रकाश द्वारा किया जाएगा।साथ ही उनके द्वारा समस्त पात्र बच्चों को उपकरण वितरित किए जाएंगे। उक्त जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी कौशल कुमार ने दी है।

# जिलाधिकारी ने 50 बीएलओ को किया सम्मानित



वेलकम इंडिया

■ 6 एवं 7 दिसंबर 2025 को सभी बूथों पर आयोजित होगा मेगा कैंप

**मथुरा।** डैंपियर नगर स्थित पांचजन्य प्रेक्षागृह के सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के संबंध में तहसील सदर क्षेत्र के समस्त बीएलओ एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण समपन्न हुआ। बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को डिजिटाइजेशन तथा मैपिंग करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।कार्यक्रम में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अवगत कराया है कि दिनांक 6 एवं 7 दिसंबर 2025 को सभी बूथों पर आयोजित होगा मेगा कैंप। सभी बीएलओ कैंप के दौरान अपने अपने बूथों पर उपस्थित होंगे। जिलाधिकारी ने मतदाताओं से अनुरोध किया है कि शीघ्र अपने गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराए। कार्यक्रम में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने वाले तहसील सदर क्षेत्र के 50 बीएलओ को जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सम्मानित भी किया।

जिलाधिकारी ने तहसील सदर क्षेत्र के 50 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र तथा पटुका पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी को उत्कृष्ट कार्य हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सभी बीएलओ से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं से गणना प्रपत्र शीघ्र एकत्रित करते हुए डिजिटाइजेशन कराना सुनिश्चित करें तथा डिजिटाइजेशन के साथ साथ सभी का मैपिंग कराना भी सुनिश्चित करें। मैपिंग न करने से आपको आगे कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा, इसलिए अभी से उक्त कार्य को पूर्ण निष्ठा एवं दृढ़ता से कराए। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने क्षेत्र की मतदाता सूची का पुनः गहन अध्ययन करते हुए मृतक, स्थाई रूप से स्थानांतरित, अज्ञात, अनुपस्थित, पहले से नामांकित आदि का विवरण दोबारा चेक करते हुए सूची तैयार करे, जिससे आगामी दिनों में उन्हें आसानी होगी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर अभिनव जे जैन, डिप्टी कलेक्टर ऊषा सिंह, नरेंद्र यादव, दीपिका मेहर, सुशील कुमार, सहायक नगर आयुक्त राकेश त्यागी सहित सदर क्षेत्र के समस्त बी0एल0ओ0 एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# एससी एसटी एक्ट व ईडब्ल्यूएस को पूर्ण तरह लागू करने को लेकर होगी महापंचायत



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** आगामी 28 दिसंबर को सवर्ण समाज द्वारा गोवर्धन के डीग अड्डा स्थित राधाकृष्ण गार्डन में महापंचायत आयोजित की जाएगी। जिसमें सवर्ण समाज के संगठन एससी एसटी एक्ट के खिलाफ व ईडब्ल्यूएस को पूर्ण तरह से लागू करने को लेकर हुंकार भरेंगे। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के मंडी चौराहा स्थित कार्यालय पर संगठनों द्वारा रूप रेखा तैयार की गई। जिलाध्यक्ष ठाकुर कन्हैया सिंह एडवोकेट ने बताया कि एससी एसटी एक्ट में बदलाव व सवर्ण समाज के लिए ईडब्लूएस को पूर्ण तरह लागू करने को लेकर 28 दिसम्बर को महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। जिसका नेतृत्व श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी करेंगे। जिसके लिए रूप रेखा तैयार की गई हैं। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष सुजान सिंह ने बताया कि महापंचायत को लेकर कैंप कार्यालय पर 14 दिसंबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई है।इस मौके पर अर्जुन सिंह, नरेश राजावत, महावीर प्रधान, छीतर सिंह, उमेश सिंह, प्रमोद कुमार, कल्याण सिंह आदि मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर सीडीओ ने दिव्यांगजनों मे बाटी ट्राईसाइकिल व बैसाखी

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर प्रयास राजकीय अक्षम विद्यालय बढ़नी मोहनगंज में जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 25 ट्राई साइकिल, 10 बैसाखी, 15 स्मार्ट केन आदि का वितरण किया गया। उपकरण पाकर दिव्यांगों के चेहरे खिल उठे और उनकी खुशी देखने लायक थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नही बल्कि कुछ कर गुजरने की कुंजी है। स्टीफन हॉकिंस, हेलेन केलेन, सूरदास, अष्टावक्र, जगतगुरु रामभद्राचार्य, सुधा चंद्रा आदि दिव्यांग महान विभूतियों का जिक्र करते हुए कहा कि अपने ऐतिहासिक खोज और कार्यों के कारण आज पूरी दुनिया इनका लोहा मानती है और पूरी दुनिया में ये लोग प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि समाज में लगभग हर व्यक्ति किसी न किसी चीज से कमजोर है इसीलिए सब में दिव्यांगता पाई जाती है। इससे हौसला बना कर पार पाने की जरूरत है।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी आशीष द्विवेदी ने कहा कि किसी भी दिव्यांग को उपकरण या पेंशन, के लिए भटकना नही पड़ेगा क्योंकि कि उत्तर प्रदेश एवं केंद्र सरकार ने दिव्यांगों के लिए पर्याप्त मात्रा में संसाधन उपलब्ध कराया है। शासन के साथ-सथ समाज की भी जिम्मेदारी है कि दिव्यांगों तक उपकरण एवं पेंशन, शादी अनुदान, दुकान निर्माण आदि योजनाएं पहुंचाएं। कार्य वाहक प्रधानाचार्य श्रीनारायण यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार दिव्यांग बच्चों के लिए समेकित से लेकर स्पेशल विद्यालयों का संचालन कर रही है जिसके कारण आज दिव्यांग अच्छे पदों पर विराजमान हैं। कार्यक्रम में अमित कुशवाहा, अनिरुद्ध नारायण तिवारी, हर्ष सिंह राकेश, संजय, शंकर लाल आदि उपस्थित रहे।

# मेरठ में प्रकृति फाउंडेशन के द्वारा एक ही मंच पर सम्मानित हुईं माँ और बेटी

वेलकम इंडिया




**मथुरा/मेरठ।** पी-3 स्टूडियो (मेरठ) में प्रकृति फाउंडेशन के द्वारा राष्ट्रीय सेमिनार एवं सम्मान समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।जिसके अंतर्गत मथुरा की मेमोरी गर्ल डाक्टर प्रेरणा शर्मा और उनकी माँ वरिष्ठ साहित्यकार उषा शर्मा ह्यप्रियाह्न का सम्मान किया गया।

उन्हें यह सम्मान समारोह की अध्यक्षता प्रख्यात साहित्यकार डॉक्टर ममता नौगरिया (बदायूं) एवं मुख्य अतिथि प्रख्यात साहित्यकार डॉ. मिथिलेश दीक्षित (लखनऊ) तथा मुख्य वक्ता के रूप में सतीश 'सहज' (मेरठ) के द्वारा संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र एवं ठाकुरजी का पटुका-प्रसादी-माला आदि भेंट करके दिया गया।सम्मान समारोह के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 31 महान विभूतियों को भी सम्मानित किया गया।

मुख्य वक्ता सतीश 'सहज' (मेरठ) ने कहा कि मेमोरी गर्ल प्रेरणा शर्मा ने अपनी प्रतिभा के बल पर भारत ही नहीं विदेशों में भी अपने नाम का परचम लहराया है। उन्होंने अपने 8 राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ 45 बच्चों के रिकॉर्ड भी बनवाए हैं।

इस अवसर पर डॉ. सुबोध, आर.के. भटनागर, उमेश वर्मा, चरण सिंह स्वामी, रीना मित्तल, निशा वर्मा, आयुष वर्मा, डॉ. नीलम मिश्रा आदि की उपस्थिति विशेष रही।

संस्था की अध्यक्षा निरुपमा वर्मा एवं सचिव मुकेश नादान के द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों तथा अलंकृत विभूतियों का आभार व्यक्त किया गया।

ब्रज साहित्य सेवा मंडल के अध्यक्ष ऱ्यूपी रत्नऱ डॉक्टर गोपाल चतुर्वेदी ने दोनों के सम्मान पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल, सुखद, समृद्ध एवं सुदीर्घ जीवन की मंगल कामना की है।

# सावधान रहकर ही ऑनलाइन अपराधों से बचा जा सकता है: सीओ रोहिनी यादव

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**खेसरहा/सिद्धार्थनगर ।** राजकीय महाविद्यालय खेसरहा में बुधवार को साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस ने छात्रों को ऑनलाइन सुरक्षा के गुर सिखाए। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिनी यादव ने किया। उन्होंने छात्रों को साइबर क्राइम के बढ़ते खतरों के प्रति सचेत करते हुए कहा कि सोशल मीडिया, गूगल, यूट्यूब आदि पर प्रसारित विज्ञापनों पर बिना सत्यापन के किसी प्रकार का बैंकिंग ट्रांजैक्शन न करें। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और किसी अपरिचित व्यक्ति से ओटीपी साझा न करने की सलाह दी। उन्होंने एनी डेस्क, टीम व्यूअर जैसे रिमोट एक्सेस एप से दूर रहने को कहा। बताया कि फिशिंग के माध्यम से अपराधी बैंक खाता संख्या, क्रेडिट कार्ड नंबर, पासवर्ड आदि जानकारी चुरा लेते हैं, इसलिए किसी भी अनजान व्यक्ति को ऐसी जानकारी न दें। थानाध्यक्ष खेसरहा अनूप कुमार मिश्र ने बताया कि डिजिटल अरेस्ट साइबर अपराध का नया तरीका है। इसमें ठग वीडियो कॉल कर पीड़ित को डराकर घर में ही कैद कर लेते हैं। ऐसे किसी भी संदिग्ध कॉल या वीडियो कॉल से सावधान रहने की जरूरत है।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप कुमार, मुख्य नियंता डॉ. दीपेंद्र बहादुर सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर डा. चंदन कुमार, डा. अरविंद, आनंद कुमार, शैलेश कुमार यादव, पुलिस विभाग के तरफ से उपनिरीक्षक राघवेंद्र प्रताप, अभीतोष अवस्थी, अभिषेक कुमार मौर्य, महिला आरक्षी रंभा यादव आदि मौजूद रहे।

1झसाइबर अपराधी आपकी निजी जानकारी इक्ट्ठा करते है और इसका उपयोग इंटरनेट पर आपकी झूठी पहचान बनाने में उपयोग कर सकते है। किसी भी सार्वजनिक साइट, ब्लॉग या सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी कभी भी साझा/शेयर न करें। जैसे कि आपकी सरकारी आईडी, पासवर्ड, बैंक खाता नम्बर, पिन इत्यादी।

2झईमेल, मैसेजिंग ऐप या इन्सटैंट मैसेंजर पर प्राप्त लिंक्स पर क्लिक करने से पहले सावधान रहें और यदि आप उनकी सत्यता पर विश्वास नही करते, तो हमेशा भेजने वाले या उनकी आधिकारिक हेल्पलाइन से संपर्क करें। जैसे कि बैंक, दूरसंचार ऑपरेटर, बीमा कंपनी आदि।

3झअपने पासवर्ड को जटिल रखें (अर्थात अक्षरों झ जैसे ̧,˛ संख्याओं। जैसे 1, 2, 3 और विशेष अक्षरों झ जैसे @, #, % को मिलाकर पासवर्ड बनाये) और उसे किसी के साथ साझा न करें। विभिन्न साइटों/ऐप्स के लिए अलग-अलग पासवर्ड का प्रयोग करें।

4झवेब पेज पर अपनी जानकारी दर्ज करने से पहले, वेबसाइट के लिंक की जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि वेब पताँ ३३स्र२ (ह्ल२ह्व से सुरक्षित) से शुरू होता है और एक बन्द ताले के निशान को भी देखें।

5झऑनलाइन बैंकिंग या ऑनाइन लेनदेन करने के लिए कभी भी सार्वजनिक/मुफ्त वाईफाई का उपयोग न करें।

6झसाइबर अपराध होने पर सूचना तत्काल हेल्प लाईन नं0 1930 पर व पुलिस दें ।24 से 48 घंटे के अंतराल में आपके धन को वापस कराने की अधिक संभावना रहती है।

7-सिम ब्लाक/एक्सपायर का संदेश प्राप्त होने पर दिये गये नम्बरों पर वातालर्प न करें।

8-फोन पर कैश रिवार्ड को अपने खाता में लेने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति के बताये हुये नियमों का पालन न करें।

9-ओएलएक्स पर कोई भी वाहन/सामान खरीदने वाले व्यक्ति को बेंचने वाले व्यक्ति द्वारा यदि अपना कोई सरकारी आई-कार्ड/कैंटीन कार्ड डाला गया है तो उसे चेक कराने के बाद ही लेन-देन करें।

10-अधिक सहायता हेतु साइबर क्राइम सेल सिद्धार्थनगर के मो0न0 7839697399 पर सम्पर्क करें।

# निगम ने बडे.बकायादारों पर फिर कसा शिकंजा तीन दुकानें व पैट्रोल पम्प सील





**वेलकम इंडिया**

**सहारनपुर।** नगर निगम ने बडे. बकायादारों पर एक बार फिर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। निगम की राजस्व टीम ने आज बेहट रोड स्थित एक पैट्रोल पम्प व तीन दुकानों को बकाया जमा न करने पर सील कर दिया।

नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर आज बड़े बकायादारों पर कार्रवाई की गयी। कर अधीक्षक सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने टैक्स जमा न करने पर आज अंबाला रोड स्थित तीन दुकानों को सील कर दिया। भवन स्वामी की ओर पिछले कई साल से करीब तीन लाख 43 हजार बकाया चला आ रहा था। इसके अलावा बेहट रोड पर इण्डियन ऑयल का एक पैट्रोल पंप भी सील कर दिया गया। पैट्रोल पंप स्वामी की ओर निगम का करीब तीन लाख रुपये टैक्स बकाया चला आ रहा है।

कर अधीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त बकायादारों को पहले बिल भेजे गए। उसके बाद डिमांड नोटिस और फिर रेड कॉर्नर नोटिस भेजे गए लेकिन बकायादारों द्वारा टैक्स जमा नहीं किया गया। अतः नगरायुक्त के निर्देश पर आज उक्त पैट्रोल पंप एवं दुकानों को सील किया गया है। कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक मनीष चैहान, टीसी विजय नागपाल व आशीष आदि शामिल रहे।

## शुगर मिल ने किसानों के गन्ने का किया तीसरा भुगतान किसानों के चेहरों पर आई खुशी

**पहासू/बुलंदशहर/पहासू।** स्थित त्रिवेणी ग्रुप की साबितगढ़ चीनी मिल ने इस पेराई सत्र 2025-26 के गन्ना खरीद का लगातार तीसरा भुगतान जो कि 18 करोड़ 51 लाख 65 हजार है जो कि दिनाँक 12/11/2025 से 17/11/2025 तक के गन्ना खरीद का है को सभी सम्भन्धित समतियों के माध्यम से गन्ना किसानों के खातों में भेज दिया है। सभी सम्भन्धित किसान अपने गन्ने के लगातार भुगतान को समय से पाकर खुश हैं। ग्रुप महाप्रबंधक प्रदीप खंडेलवाल ने बताया कि सभी किसान भाई अपना खाता चेक करते रहें ताकि भुगतान की नवीनतम जानकारी प्राप्त होती रहे। और साथ ही सभी सम्बंधित किसानों से मिल को सहयोग बनाये रखने और जड़ पत्ती रहित साफ सुथरा गन्ना मिल को सप्लाई करने की अपील भी की है।

# कृष्णाश्रय गुरुकुल का वार्षिक कार्यक्रम 6 दिसंबर को होगा

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** कृष्णाश्रय फाउंडेशन के प्रमुख कौशल विकास केंद्र कृष्णाश्रय गुरुकुल सेडी गोवर्धन द्वारा बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आगामी वार्षिक समारोह 2025 की प्रमुख जानकारियाँ साझा की गईं। इस वर्ष के समारोह में प्रसिद्ध कोरियोग्राफर और परफॉर्मेंस आइकन टेरेंस लुईस विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होंगे। प्रेस वार्ता के दौरान बताया गया कि इस वर्ष का वार्षिक समारोह गुरुकुल के प्रशिक्षुओं, प्रशिक्षकों और समुदाय की उपलब्धियों का उत्सव होगा। कार्यक्रम में कौशल विकास, कृषि, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण युवाओं के आजीविका विकास से जुड़ी पहलें और सफलताएँ प्रदर्शित की जाएँगी।




कृष्णाश्रय गुरुकुल का उद्देश्य युवाओं को उन्नत प्रशिक्षण, उद्योग आधारित पाठ्यक्रम और बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराना है।

इस अवसर पर राम मोहन लवानिया, प्रिंसिपल, कृष्णाश्रय गुरुकुल सेडी ने बताया कि इस वर्ष का वार्षिक समारोह गुरुकुल के दीर्घकालिक सोच, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को व्यापक रूप से प्रदर्शित करेगा।

कहा कि गुरुकुल ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण, तकनीकी अपस्किलिंग और कृषि नवाचारों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

टेरेंस लुईस की उपस्थिति कार्यक्रम में ऊर्जा, प्रेरणा और कला का विशेष संचार करेगी। समारोह में प्रशिक्षु अपने कौशल और प्रतिभा का मंच पर प्रदर्शन भी करेंगे। वार्षिक समारोह 06 दिसम्बर 2025 को कृष्णाश्रय गुरुकुल सेडी परिसर, गोवर्धन में आयोजित किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### भाजपा के बड़े नेता शाहनवाज हुसैन ने पूरे परिवार के साथ पीएम मोदी से की मुलाकात



**वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी**

**नई दिल्ली।** बीजेपी के राष्टीय प्रवक्ता व पूर्व मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने बुधवार को अपने पूरे परिवार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। इस मुलाकात में शाहनवाज हुसैन की पत्नी रेणु हुसैन और बेटे अरबाज हुसैन व अदीब हुसैन भी मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान रेणु हुसैन ने प्रधानमंत्री को अपनी रचनात्मकता का परिचायक स्वरूप एक काव्यसंग्रह भेट किया।इस अवसर पर शाहनवाज हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री से सब परिवार मिलने का अनुभव अत्यंत आत्मीय और हृदयस्पर्शी रहा उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत की प्रगति और सम्मान का प्रतीक बताते हुए कहा कि वह पूरे विश्व में भारत का गौरव है और हर देशवासी के दिल में उनकी विशेष जगह है शाहनवाज हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना और उनके स्नेह को पाना हर किसी की दिल्ली ख्वाहिश होती है या मुलाकात और उनके आशीर्वाद हमारे पूरे परिवार के लिए ब्याज खास और यादगार रही हमने इसे अपने जीवन की सुंदर यादव में हमेशा संयोजक कर रखा है।

### संजय पटवारी बने राष्ट्रीय स्वदेशी मेला के राष्ट्रीय संचालन बोर्ड के सदस्य



**झांसी।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह दांगी ने बताया है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल अभियान के अंतर्गत केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने कैट को स्वदेशी मेला लगाने का सुझाव एवं मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जिसको देखते हुए सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय स्वदेशी मेला के आयोजन का निर्णय लिया गया, यह स्वदेशी मेला राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश में पहली बार लगाया जाएगा। इस संदर्भ में देश के प्रतिष्ठित बड़े उद्योगपति एवं राष्ट्रीय संचालन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ रामगोपाल गोयल ने उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष एवं कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय पटवारी को राष्ट्रीय स्वदेशी मेला का राष्ट्रीय संचालन बोर्ड का सदस्य नामित किया है, यह कमेटी राष्ट्रियव्यापी अभियान के तहत राज्य में स्टीयरिंग कमेटी को भी बनाएगी, इस मेगा इवेंट में देश के कौन है कौन से उद्यमी व व्यापारी को जोड़ा जाएगा। राष्ट्रीय स्वदेशी मेला विभिन्न प्रदेशों के साथ-साथ मई माह 2026 में राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्वरूप को लेते हुए प्रगति मैदान में आयोजित किया जाएगा। जिसकी प्रथम बैठक 4 दिसंबर 2025 को ठऊटउ कम्युनिटी सेंटर नई दिल्ली में आयोजित की जा रही है जिसमें शामिल होने के लिए श्री संजय पटवारी आज दिल्ली रवाना हो गए हैं।

### मैरिज होम के बाहर से ग्रामीण की बाइक चोरी



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी एक ग्रामीण की मैरिज होम के बाहर से चोरों ने बाइक चोरी कर ली पीड़ित ग्रामीण ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी ग्रामीण करण सिंह ने बताया कि वह गांव के ही राधा कृष्ण मैरिज होम में दावत खाने के लिए गया था और अपनी बाइक मैरिज होम के बाहर खड़ी कर रखी थी। पीड़ित का आरोप है की तभी किसी चोर ने मौका पाकर उसकी बाइक चोरी कर ली। जब पीड़ित खाना खाकर वापस लौटा तो मोटरसाइकिल अपने स्थान पर नहीं थी।खोजबीन करने के बाद भी बाइक का कहीं सुराग नहीं लगा। पीड़ित ग्रामीण ने बुधवार को थाने पर पहुंचकर तहरीर देकर अपनी बाइक को बरामद करने की गुहार लगाई है पुलिस चोर की तलाश में जुटी हुई है।

## खेल केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, तेज दिमाग और सकारात्मक सोच का आधार हैं : पूनम मौर्या



**वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी**

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** क्षेत्र के गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित एसएनएस नेशनल स्कूल में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष वाराणसी पूनम मौर्या ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ की।इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा रेस, दौड़, वालीबॉल, कबड्डी, खो-खो, लंबी कूद, ऊंची कूद समेत अन्य गेम खेला कर शानदार प्रदर्शन किया गया।प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान आने वाले छात्र-छात्राओं मुख्य अतिथि द्वारा सिल्ट, प्रस्तुति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि पूनम मौर्या ने कहां की खेल केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, तेज दिमाग और सकारात्मक सोच का आधार हैं। उन्होंने बताया कि खेल हमें संघर्ष, अनुशासन और टीम भावना सिखाता हैं, जिससे बच्चों में जीवन में आगे बढ़ने की मजबूत क्षमता विकसित होती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को बोला कि खेल को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए शरीर एकदम स्वस्थ रहेगा।

इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह गौतम, प्रबंधक व भाजपा जिला महामंत्री प्रवीण सिंह गौतम, प्रधानाचार्य सुधांशु सिंह गौतम, निदेशक डॉ. सिद्धार्थ सिंह गौतम, वीणा सिंह, मीरा सिंह, डॉ. वीणा सिंह, सुरेन्द्र मिश्रा, अमित यादव, बाबू राम, दामिनी सिंह, अजय, अर्चना, अंकिता, प्रतिमा, जीवेश समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान गंभीर रूप से घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव अट्टा निवासी बाइक सवार किसान अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल किसान टीकाराम की स्थिति नाजुक बताई जा रही है और मेरठ के आनंद हॉस्पिटल में उसका उपचार जारी है।जानकारी के अनुसार, किसान टीकाराम मंगलवार देर शाम अपनी बाइक से खेत का काम निपटाकर घर लौट रहे थे। जैसे ही वह बुढ़ाना रोड स्थित रेलवे फाटक के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।हादसे के बाद मौके पर मौजूद राजगीरों ने तुरंत किसान के परिजनों को सूचना दी। परिजन घायल को पहले शामली के निजी चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे, जहां से गंभीर हालत देखते हुए उन्हें मेरठ रेफर कर दिया गया। मेरठ के आनंद हॉस्पिटल में किसान का इलाज जारी है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

## मध्य प्रदेश में हुआ गरुड़ के साहित्यकार ओम प्रकाश फुलारा 'प्रफुल्ल' की पुस्तक का विमोचन




**वेलकम इंडिया**

**गरुड़, दिनेश नेगी।** मध्य प्रदेश में विश्व जनचेतना ट्रस्ट भारत के वार्षिकोत्सव समारोह में पद्मश्री डॉ अवध किशोर जड़िया द्वारा प्रसिद्ध साहित्यकार ओम प्रकाश फुलारा प्रफुल्ल के पहले खंडकाव्य का विमोचन किया गया।

इस दौरान उनके खण्डकाव्य की देश भर से आए साहित्यकारों द्वारा सराहना की गई।साथ ही उनके खण्डकाव्य में रचित काव्यरचना, लेखनी, और उनके सार की विस्तृत रूप से विवेचना कर उनकी काव्यानुभूति की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। खजुराहो फामेर्सी कॉलेज के प्राचार्य डॉ बृजेश तिवारी, शिव भूषण सिंह गौतम, छंदगुरु शैलेन्द्र खरे सोम, संस्था के संस्थापित दिलीप कुमार पाठक सरस, संस्था के अध्यक्ष संतोष कुमार प्रीत, सहित संस्था के सभी पदाधिकारी एवं देश के छः राज्यों से आए 60 से अधिक साहित्यकार उपस्थिति रहे। जबकि उनकी इस उपलब्धि पर साहित्यकार मोहन चंद्र जोशी, गोपालदत्त भट्ट, चंद्रशेखर बड़सीला, डॉ हेमचंद्र दुबे, मनोज खोलिया, डॉ गिरीश अधिकारी,वृक्ष प्रेमी और साहित्यकार किशन सिंह मलड़ा, आशा जोशी, प्रेमा भट्ट, आशा बुटोला सहित समस्त साहित्यकारों ने उन्हें बधाई दी।

## खांकर में निमार्णाधीन सड़क पर घर के पास सड़क की दुर्दशा ठीक करने को लेकर उपजिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर।** बागेश्वर-ताकुला राष्ट्रीय राजमार्ग में सड़क चौड़ीकरण कार्य में खांकर गांवमें घर के पीछे से सड़क की उचित मरम्मत नही किए जाने से घर के पास धूल और कीचड़ होने से परेशानी होने पर ग्रामीण ने जिलाधिकारी से शिकायत कर जल्द समस्या के समाधान की मांग की है।खांकर निवासी नवीन चन्द्र जोशी एवं प्रकाश चन्द्र जोशी ने निमार्णाधीन बागेश्वर-ताकुला अल्मोड़ा मोटर मार्ग के कार्यदायी संस्था पर मार्ग निर्माण के दौरान अव्यवस्थाओं का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी से हस्तक्षेप की मांग की है।

ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि उनका आवासीय मकान वर्षों से मोटर मार्ग पर स्थित है, लेकिन निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार एवं मजदूरों द्वारा उनके मकान के पास कॉजवे बंद कर दिया गया है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार, निमार्णाधीन मार्ग पर पहले से मौजूद रास्ते को अवरुद्ध कर नई कटिंग की जा रही है, जिसके कारण वर्षा के मौसम में घर पर मलबा आने की आशंका बढ़ गई है। घर के पास सोलिंग और नालानिकास की उचित व्यवस्था नही होने से घर के पास गंदगी और कीचड़ का जमावड़ा लग जा रहा है।ठेकेदार और विभाग से सड़क को जल्द ठीक कर सड़क पर सोलिंग और डामरीकरण की मांग के बाद भी सड़क में रोड़ी पत्थर भरकर गड्ढे बनाए जाने से वहां पर गंदगी का अंबार लग जाने से विमारी फैलने का अंदेशा बना हुआ है।ग्रामीण नवीन जोशी ने जिला प्रशासन से तत्काल घर के समीप सड़क को ठीक करने की मांग की है।

## सड़क पर अतिक्रमण करने का आरोप,तीन का चालान

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी दो पक्षों ने एक दूसरे पर रास्ते पर सामान डालकर अतिक्रमण करने व दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर गाली-गलौज सहित मारपीट करने का आरोप लगाकर थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों के तीन लोगों का चालान किया है।बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी ग्रामीण फरहत हुसैन ने बताया कि गांव के उसके पड़ोसी आजम अली ने रास्ते पर सामान डालकर व अपने घर के बाहर सीढ़ियां बनाकर अतिक्रमण कर रखा है। रास्ते पर अतिक्रमण हो जाने से पीड़ित सहित आने जाने वाले राहगीरों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आरोप है कि जब कोई ग्रामीण व पीड़ित विरोध करता है तो आरोपी उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट भी करता है। दूसरी और दूसरे पक्ष के आजम अली ने भी अपने पड़ोसी फरहत हुसैन पर चबूतरा बनाकर अतिक्रमण करने सहित कई गंभीर आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है।

# नगदी समेत हजारों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस



**संदीप तिवारी/ वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के चित्रसेनपुर गांव (मिजार्मुराद) में मंगलवार की देर रात अज्ञात चोर तीन लोगों के घर में घुसकर नगदी समेत हजारों का सामान चुरा ले गए।पीड़ितों द्वारा कछवांरोड पुलिस चौकी पर चोरी के बाबत तहरीर दिया गया।

जानकारी के अनुसार चित्रसेनपुर गांव निवासी श्याम जी पटेल उर्फ छोटेलाल पटेल के मकान में घुसे चोरों ने तीन एंड्राइड मोबाइल, तीस हजार रुपया नगद व एक रेंजर साइकिल चुरा ले गए।वही थोड़ी दूर पर विजय शंकर पटेल उर्फ चंदू के मकान में घुसे चोर एक साइकिल और समेत खाने-पीने का सामान चुरा ले गए व जय चन्द्र पटेल व अजय पटेल के मकान में घुसे चोर साइकिल, खाने-पीने का सामान व सरसो का तेल व कुछ नगदी उठा ले गए।बुधवार की सुबह सोकर उठने पर सभी को चोरी की जानकारी हुई पीड़ितों द्वारा चोरी की सूचना मिजार्मुराद पुलिस को दिया गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच-पड़ताल कर वापस आ गई।सभी ने कछवांरोड चौकी पर अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित तहरीर दिये।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास, विरोध करने पर पिलाया जहरीला पदार्थ

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव में घर में अकेली किशोरी के साथ पड़ोसी युवक ने घुसकर दुष्कर्म का प्रयास किया आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने जहरीला पदार्थ पिला दिया। परिजनों ने आनन-फानन में शामली के अस्पताल में भर्ती कराया।पीड़ित पिता ने तहरी देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि विगत मंगलवार को पीड़ित परिवार सहित शादी समारोह में गया हुआ था और घर पर उसकी 14 वर्षीय पुत्री अकेली थी।

पीड़ित का आरोप है की तभी परिवार की गैर मौजूदगी में पड़ोसी युवक उसके घर में घुस गया और उसकी अकेली पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। उसकी पुत्री के द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट कर दी और जान से मारने की नीयत से जहरीला पदार्थ भी पिला दिया। पीड़ित जब अपने परिवार सहित घर पर आया तो उसकी नाबालिक पुत्री बेहोश पड़ी हुई थी परिजन आनन-फनन में शामली के निजु अस्पताल में ले गए। निजी डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर उसकी पुत्री को जिला अस्पताल भेज दिया जहां पर उसका इलाज जारी है और हालत नाजुक बनी हुई है।

पीड़ित पिता ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि एक व्यक्ति की तहरीर मिली है पुलिस जांच कर रही है जांच का उचित कार्रवाई की जाएगी ?

# उपाध्याय श्री 108 वृषभानंद मुनि महाराज जी का धर्मनगरी में हुआ स्वागत

**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**

**मेरठ।** बुधवार को उपाध्याय 108 वृषभानंद जी मुनि महाराज ससंघ का कमला नगर में भव्य स्वागत किया गया। पंचकल्याणक महामहोत्सव के लिए पधारे उपाध्याय श्री का मंगल प्रवेश धर्मनगरी क्रांतिधरा मेरठ स्थित कमला नगर जैन मंदिर में हुआ। मंगल प्रवेश में अपार जन समूह बैंड बाजे नफीरी घोड़े आदि के साथ भव्य जुलूस नई मंडी दिल्ली रोड से प्रारंभ होकर सूर्य पैलेस, अरुणम कॉलोनी, श्री राम पैलेस, पंजाबी पुरा, आराध्या हाइट होते हुए कमला नगर जैन मंदिर में पहुंचा।



उपाध्याय श्री के मंगल प्रवेश में महोत्सव चेयरमैन वीरेंद्र जैन (पुष्प ज्वेलर्स) ऋषभ जैन अजय जैन प्रदीप जैन दीपक जैन आलोक जैन संजय जैन अभिनव जैन संजीव जैन (प्रवक्ता) सहित संपूर्ण साधु सेवा समिति ने उपाध्याय श्री का पादप्रक्षालन बड़े ही भक्ति भावपूर्ण प्रासुक जल से 121 परिवारों के द्वारा संपन्न कराया। उपस्थित सभी लोग मुनि संघ की एक झलक पाने के लिए आतुर थे। अनेकानेक जगह महाराज श्री की मंगल आरती की गई।

कमला नगर मंदिर पहुंचने के पश्चात उपाध्याय श्री के श्री मुख से प्रवचन आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उपाध्याय श्री ने प्रवचन में धर्मनगरी मेरठ के सभी समाजों से एवं धर्म प्रेमी बंधुओ को पंचकल्याणक महामहोत्सव में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। अनेकों समाज से भक्तगण उपाध्याय श्री को श्रीफल भेंट करने आए थे जैसे असोढा हाउस समाज वीर नगर समाज सरस्वती लोक समाज पंजाबी पुरा समाज आदि सभी ने उपाध्याय श्री से अपने यहां आने की प्रार्थना करी। गुरुवार प्रातः महाराज श्री दिल्ली रोड स्थित रामलीला मैदान में वेदी शुद्धि के लिए प्रस्थान करेंगे। उसके उपरांत सरस्वती लोक जैन मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे।

5 दिसंबर को भव्य कलश घट यात्रा कमला नगर मंदिर से प्रारंभ होकर श्री रामलीला मैदान अयोध्यानगरी दिल्ली रोड पर पहुंचेगी इसी के साथ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का शुभारंभ हो जाएगा।

5 तारीख शाम को भक्तिभाव से ओतप्रोत भजन संध्या इंदौर के मशहूर गायक श्री मयूर जैन (भजन सम्राट) के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

## विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित

**बुलंदशहर।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विकास भवन, बुलन्दशहर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रदीप चौधरी ने शिरकत की। समारोह में कृष्णा फाउंडेशन के दिव्यांग बच्चों ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना एवं विश्व दिव्यांग दिवस पर आधारित गीतों की सुन्दर प्रस्तुतियां दीं, जिनकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम के दौरान कुल 50 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, 42 दिव्यांगजनों को बैसाखी तथा 10 दिव्यांगजनों को अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए। इसके साथ ही 20 दिव्यांगजनों का दिव्यांग पेंशन हेतु पंजीकरण भी किया गया। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मानवेन्द्र राजपूत ने विभाग द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं–दिव्यांग पेंशन, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण, शादी-विवाह प्रोत्साहन, कॉक्लियर इम्प्लांट एवं दुकान संचालन योजना–की विस्तृत जानकारी दिव्यांगजन व उपस्थित जनसमूह को प्रदान की।

## अन्याय के विरुद्ध खड़े होकर न्याय, अधिकार एवं समाजहित की रक्षा में अधिवक्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण : सचिन वर्मा



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती के उपलक्ष में आयोजित होने वाले अधिवक्ता दिवस पर आज नवदीप सामाजिक विकास संस्था भारत के द्वारा सिविल बार एसोसिएशन के सभागार में अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपाल सिंह राघव एडवोकेट, सचिव कपिल मोहन अग्रवाल एडवोकेट तथा बार के पूर्व अध्यक्ष संजय दीक्षित एडवोकेट को नवदीप संस्था के राष्ट्रीय संयोजक सचिन वर्मा स्वर्णकार एवं जिला संयोजक रईसउद्दीन एडवोकेट ने पहनकर व संविधान निमार्ता डॉ.भीमराव अंबेडकर का चित्र भेंट करके सम्मानित किया।

इस मौके पर सचिन वर्मा स्वर्णकार ने कहा कि अन्याय के विरुद्ध खड़े होकर न्याय, अधिकार एवं समाजहित की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले समस्त अधिवक्तागण सम्मान के योग्य हैं। इस दौरान बार एसोसिएशन के सचिव कपिल मोहन अग्रवाल ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक अधिवक्ता को अपने कर्तव्यों का निर्वाहन पूरी निष्ठा और समर्पण भावना से करते हुए न्याय की रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने अपनी ओर से बाहर के सभी अधिवक्ताओं को भी अधिवक्ता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मनोज बेरी एडवोकेट गोपाल राठौर एडवोकेट अनिल कुमार एडवोकेट शिवकुमार एडवोकेट असद रईस एडवोकेट, मिर्जा मोहम्मद एडवोकेट, नजीब अहमद एडवोकेट आदि दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## युवक को मारी गोली युवक को मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया

**बिजनौर।** अम्हेड़ा में युवक को गोली मार दी गई। घायल युवक को मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है और जांच शुरू कर दी है मंगलवार रात करीब 10 बजे हल्दौर थाना क्षेत्र के ग्राम अम्हेड़ा निवासी नवाजिश एक मदरसे के पास अपने मोबाइल फोन पर बात कर रहा था तभी पीछे से आए तीन अज्ञात बदमाशों ने उसे तमंचे से गोली मार रूप से घायल हो गया। गोली लगने की खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। नवाजिश के परिजन उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दौर ले गए। वहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। एसपी सिटी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह ने पुलिस द्वारा तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।



## बड़ौत में पंचकल्याणक पंडाल से हटाई गयी थर्माकोल

**वेलकम इंडिया**

**बागपत, (विवेक जैन)।** आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज के सानिध्य एवं श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर कमेटी, बड़ौत के तत्वावधान में 7 दिसंबर से बड़ौत के दिगंबर जैन कॉलेज ए फील्ड में प्रारंभ होने वाले पंचकल्याणक महोत्सव के लिए बनाये जा रहे विशाल पंडाल से प्रशासन के निदेर्शानुसार सभी थमाकोल की सीट पांडाल के अंदर और बाहर से हटाई गई है। प्रशासन की गाइडलाइन के अंतर्गत आवश्यक संशोधन भी किए गए हैं।

मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि कल एसडीएम बड़ौत द्वारा नोटिस के बाद पंचकल्याणक समिति ने पंकज जैन अध्यक्ष एवं महामंत्री अजय जैन काले के निदेर्शानुसार सुबह से ही थमाकोल हटाने का कार्य शुरू कर दिया था। बताया कि जैन समाज भी चाहता है कि पंचकल्याणक का सभी कार्य प्रशासन की अनुमति के साथ सानंद संपन्न हो। बताया कि पंचकल्याणक की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। चौबीस तीर्थंकरों की 24 प्रतिमाएं पंचकल्याणक के माध्यम से शुद्ध होकर श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर दिल्ली रोड पर विराजमान होनी है। महामंत्री अजय जैन काले ने बताया कि आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज के सानिध्य में, 7 दिसंबर को घटयात्रा एवं मंडप प्रतिष्ठा, 8 दिसंबर को गर्भ कल्याणक, 9 दिसंबर को जन्म कल्याणक, 10 दिसंबर को तप कल्याणक, 11 दिसंबर को केवल ज्ञान महोत्सव एवं 12 दिसंबर को मोक्ष कल्याणक महोत्सव के साथ प्रतिमाओं का शुद्धिकरण पूर्ण होगा एवं सभी प्रतिमाए मंदिर जी में विराजमान होगी।





## राजकीय जूनियर हाईस्कूल भतड़िया के दीपांशु मॉडल प्रतियोगिता में रहे अव्वल



**गरुड़।** जनपद स्तरीय सामाजिक विज्ञान महोत्सव में राजकीय जूनियर हाईस्कूल भतड़िया के छात्र दीपांशु ने मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा इसी विद्यालय के छात्र उदय प्रताप सिंह कुलेगी ने क्विज प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। दीपांशु का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन होने पर खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश्वरी मेहता, प्रधानाध्यापक नवीन मिश्रा व शिक्षकों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## केटीएस 4.0 तमिलनाडु के छात्रों ने सारनाथ में देखा भारत की प्राचीन बौद्ध विरासत



**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम (केटीएस) 4.0 के तहत, तमिलनाडु के छात्र प्रतिनिधिमंडल ने सारनाथ में बौद्ध धर्म की अमूल्य विरासत का दौरा कियो छात्रों ने सारनाथ संग्रहालय में मौर्यकालीन अवशेषों, विशेष रूप से अशोक स्तंभ के सिंह चतुर्मुख शीर्ष को देखा जो भारत का राष्ट्रीय प्रतीक है इसके बाद उन्होंने धर्मस्तूप (धमेख स्तूप) का दौरा किया जो उस स्थान को चिह्नित करता है जहाँ भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद अपना पहला उपदेश दिया थो इस यात्रा ने छात्रों को उत्तर और दक्षिण भारत के बीच साझा ऐतिहासिक और आध्यात्मिक जड़ों को गहराई से समझने का अवसर दियो प्रतिनिधिमंडल ने इस अनुभव को 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत करने वाला बताया।

## प्रियांशु ने बनाया सबसे अच्छा पोस्टर

**गरुड़।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य व तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में प्रियांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। खोलिया विवेकानंद इंटर कालेज में आयोजित तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पोस्टर प्रतियोगिता में प्रियांशु तुलेरा प्रथम, रजत पंत द्वितीय, जाह्नवी कांडपाल तृतीय स्थान पर रही। जबकि राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में दिव्या पिमोली ने प्रथम, शिवानी रावत ने द्वितीय व निकिता गढ़िया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## चाट के काम पर गए युवक के साथ मारपीट, कार्रवाई की मांग



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बा निवासी एक युवक ने चाट के काम पर गए अपने साथियों सहित ठेकेदार पर बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कस्बा निवासी अमन ने बताया कि एक महा पूर्व कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक व्यक्ति पीड़ित व अन्य युवकों को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में चाट के काम पर ले गया था। आरोप है की देर रात्रि ठेकेदार सहित कई लोगों ने पीड़ित को शराब पीकर बंधक बना लिया। और पीड़ित के साथ जमकर मारपीट की सुबह सवेरे पीड़ित के परिजन पहुंच गए और पीड़ित को बंधन मुक्त कराया।

बुधवार को युवक ने अपने परिजनों के साथ थाने पर पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित को जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## शाहजहांपुर ने देहरादून को 3-0 से हरा कर मैच जीता



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर।** नगीना याद-ए-खलील ऑल इण्डिया फुटबॉल फुटबॉल टूनामेंट में पहला मैच गढ़वाल रायफल व रुद्रपुर के बीच मेच खेला गया जिसमे गढ़वाल रायफल ने 4-0 रुद्रपुर को हराकर गढ़वाल रायफल ने मैच जीता व दूसरा मेच देहरादून व शाहजहांपुर के बीच मेच खेला गया जिसमे शाहजहापुर ने देहरादून को 3-0 से हरा कर शाहजहांपुर ने मेच जीत लिया। बुधवार के छटे दिन याद-ए-खलील ऑल इण्डिया फुटबॉल टूनामेंट मे पहला मेच गढ़वाल रायफल व रुद्रपुर के बीच मेच हुआ जिसमे 4-0 से गढ़वाल रायफल ने रुद्रपुर को हराकर मेच जीत लिया।

तथा दूसरा मैच शाहजहांपुर व देहरादून के बीच मेच खेला गया जिसमे शाहजहांपुर ने 3-0 से देहरादून को पराजीत कर मेच जीत लिया। आज के मेच मे रेफरी गोहर निसार, सुभाष कपूर उर्फ पप्पी लाइनमैन निसार अहमद, व शमशाद रहे।

इस अवसर पर राकेश कर्णवाल, कुंवर अमरजीत, अब्दुल समद, मंजीत विश्नोई, पूर्व सभासद गफ्फार मुल्तानी, राकेश मिश्रा एडवोकेट, नौशाद अप्पा, अजीम सीनियर, निसार अहमद, शमशाद, शाकिर उस्मानी, हाशिम इस्लाम अल्वी, अशोक कुमार, जहांगीर, आबिद, शेख जमशेद, चाँद भाई, काका अंसारी, जहांगीर खलीफा, अखलाक उर्फ काकु शाकिर उस्मानी, अब्दुल्ला, शिबली निसार, ताहिर मुल्तानी, आसिम मुल्तानी आदि लोग मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांगजनों को विधायक और पालिकाध्यक्ष ने किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया**




**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर चयनित दक्ष दिव्यांग कर्मचारियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांगजनों को बुधवार को विकास भवन सभागार में सम्मानित किया गया। समारोहमें स्थानीय विधायक पार्वती दास और पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने सभी उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांगजनो को सम्मानित किया। समारोह का उद्देश्य दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना एवं उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तरीय दक्षता पुरस्कार हेतु चयनित दिव्यांग आशा कार्यकर्ता हंसी देवी को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांगजनों गुड़िया दोसाद, प्रधान छानी सेरा, लक्ष्मी दत्त पांडे पूर्व व्यापार संघ अध्यक्ष गरुड़, मंजू देवी क्षेत्र पंचायत सदस्य, सिमगढ़ी, अंशुमन सिंह लटवाल कला क्षेत्र, नन्दन सिंह सामाजिक कार्यकर्ता, हरीश चन्द्र सिंह रावत व्यवसायी, मोहनी कोरंगा एवं नेहा पांडे को कक्षा 10 की परीक्षा में 75% अंक लाने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ उल्लेखनीय कार्यों के लिए जिला चिकित्सालय की नेत्र चिकित्सक डॉ. कल्पना पांडे, दिव्यांग छात्रा नेहा पांडे की सहयोगी सरिता चौबे, जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र बागेश्वर तथा भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी बागेश्वर को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विधायक बागेश्वर पार्वती दास, अध्यक्ष नगर पालिका बागेश्वर सुरेश खेतवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विशाखा खेतवाल, रेड क्रॉस सोसाइटी चेयरमैन इन्द्र सिंह फर्स्वाण, लक्ष्मण गौतम सदस्य, उत्तराखण्ड दिव्यांग सलाहकार बोर्ड, जिला समाज कल्याण अधिकारी जसप्रीत कौर, जिला सेवायोजन अधिकारी पी सी गोस्वामी, राजीव जोशी तथा समाज कल्याण विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिन धूमधाम से मनाया



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर।** नजीबाबाद कार्यालय पर आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना लोकसभा सांसद भाई चंद्रशेखर आजाद जी का 39वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस मौके पर प्रमुख रूप से मुरादाबाद मंडल प्रभारी एवं साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, भीम आर्मी के ज़िला अध्यक्ष प्रशांत महासागर, भाईचारा समिति के मंडल अध्यक्ष ललित कुमार, ज़िला उपाध्यक्ष सुखबीर प्रधान, विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार, ज़िला प्रभारी साबू प्रधान, नजीबाबाद नगर अध्यक्ष सुल्तान कुरैशी, नगर उपाध्यक्ष असलम अंसारी, शादमान शेख, तस्लीम अहमद, पूर्व प्रधान नफीस अहमद, अयाज अंसारी, अफाक अंसारी, दीपक सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बहराइच जरवल रोड नई रेल लाइन की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार, पूर्वी यूपी की कनेक्टिविटी को मिलेगी नई रफ्तार

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** बहराइच जरवल रोड के बीच प्रस्तावित नई रेल लाइन को लेकर एक बड़ी प्रगति सामने आई है केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में बहराइच -जरवर रोड नई रेललाइन के सम्बन्ध में पूछे गये सवाल के जवाब में बताया कि 70 किलोमीटर लंबी इस रेल लाइन का सर्वेक्षण पूरा हो चुका है और इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) भी तैयार कर ली गई है उन्होंने बताया कि वर्तमान में बहराइच और जरवल रोड गोंडा जंक्शन के माध्यम से रेल नेटवर्क से जुड़े हुए हैं लेकिन नई सीधी रेल लाइन के निर्माण से इस क्षेत्र को तेज, सुगम और बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी इससे यात्रा समय घटेगा और क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक व औद्योगिक विकास को भी नई गति मिलेगी।

केन्द्रीय रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि डीपीआर तैयार होने के बाद अब इस परियोजना को स्वीकृति दिलाने के लिए राज्य सरकार सहित विभिन्न संबंधित विभागों से परामर्श, नीति आयोग की समीक्षा तथा वित्त मंत्रालय की मंजूरी जैसी प्रक्रियाएं पूरी करनी होंगी उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में रेल संपर्क को और सुदृढ़ करने के लिए कई अन्य परियोजनाओं को भी मंजूरी दी जा चुकी है इनमें बुढ़वल जरवल रोड गोंडा कचहरी चौथी लाइन (56 किमी), बुढ़वल जरवल रोड गोंडा तीसरी लाइन (62 किमी), बाराबंकी बुढ़वल तीसरी लाइन (27 किमी) और बहराइच खलीलाबाद 240 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन प्रमुख हैं।

सरकार ने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश में रेल विकास का स्वर्णिम दौर चल रहा है जहां अब तक 49 रेल परियोजनाओं को स्वीकृति दी जा चुकी है इन परियोजनाओं पर कुल 62,360 करोड़ रुपये की लागत से 3,807 किलोमीटर लंबे रेल नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है जिससे राज्य में रेल कनेक्टिविटी को मजबूत आधार मिल रहा है और यात्रियों को तेज, सुरक्षित व सुविधाजनक यात्रा की सुविधा उपलब्ध हो रही है सरकार ने यह भी बताया कि बीते वर्षों में उत्तर प्रदेश में रेलवे के बजट आवंटन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है जहां वर्ष 2009 से 2014 के बीच रेल परियोजनाओं के लिए औसतन 1,109 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष का आवंटन किया जाता था वहीं वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर लगभग 19,858 करोड़ रुपये हो गया है जो लगभग 18 गुना वृद्धि को दशार्ता है।

रेल मंत्री ने बताया कि 2009-14 की अवधि में प्रदेश में 996 किलोमीटर नई रेल लाइनों की कमीशनिंग हुई थी जबकि वर्ष 2014-25 के दौरान यह आंकड़ा बढ़कर 5,272 किलोमीटर तक पहुंच गया है इस दौरान प्रति वर्ष औसतन 479 किलोमीटर नई रेल लाइन शुरू की गई जो पहले की तुलना में दोगुने से भी अधिक है दिनांक 1 अप्रैल 2025 तक उत्तर प्रदेश में कुल 49 रेल परियोजनाएं स्वीकृत हैं जिनकी कुल लंबाई 3,807 किलोमीटर और अनुमानित लागत 62,360 करोड़ रुपये है इनमें से 1,323 किलोमीटर रेल लाइन का कार्य पूरा होकर परिचालन शुरू हो चुका है और अब तक 30,611 करोड़ रुपये का व्यय किया जा चुका है।

## पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह को एक ज्ञापन अपनी टीम के साथ सौंपा

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर।** नजीबाबाद भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के युवा तहसील अध्यक्ष सूरज कुमार ने विभिन्न क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह को एक ज्ञापन अपनी टीम के साथ सोंपां जिसमें निम्न बिंदुओ पर ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया।

उत्तराखंड से उत्तर प्रदेश में खनन सामग्री अवैध तरीके से स्थानांतरित होने को लेकर कहा कि भागूवाल चैक पोस्ट से प्रत्येक दिन, सैंकड़ों ओवर लोड डम्मपर उत्तर प्रदेश में प्रवेश करते हैं, जिन पर सम्बन्धित विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, तहसील क्षेत्र में खनन माफिया द्वारा अवैध तरीके से हो रहे मिट्टी खनन को लेकर कमर्शियल टैक्टर का उपयोग किया जाय। तथा परमिशन के आधार पर हो रहे मिट्टी का खनन दिन में किया जाना चाहिए इसके साथ ही नगर के विभिन्न होटलों में चोरी छिपे पिलाई जा रही शराब बंद कराई जाये, इन सब मुद्दों पर तत्काल कार्यवाही की जाए अन्यथा आने वाली 9 दिसंबर से भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत आंदोलन शुरू करेगी, तहसील अध्यक्ष यूवा के साथ कुलदीप मोर, जितेंद्र हुड्डा, कपिल चौधरी, कृष्ण कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



# एमआईईटी पब्लिक स्कूल में स्पर्धा स्पोर्ट्स मीट का शानदार समापन, बच्चों ने दिखाया दमखम

## विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम, मानसी और देवराज बने बेस्ट एथलीट,पटेल सदन प्रथम रहा

वेलकम इंडिया



**मेरठ( अनिल वशिष्ठ )।** मवाना रोड स्थित एमआईईटी पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स मीट ह्यस्पर्धाह्ल का बुधवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि कर्नल अभिषेक पवार, कमांडिंग ऑफिसर 72 यूपी बटालियन एनसीसी मेरठ ने स्कूल चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन गौरव अग्रवाल, मैनेजर बरखा अग्रवाल तथा प्रिंसिपल रूपाली सहगल,अजय चौधरी के साथ खेल मशाल प्रज्वलित कर स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ किया।

कक्षा 1 से 12 तक के सभी विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्कूल के खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रमों में मार्च पास्ट, ओथ टेकिंग सेरेमनी, एरोबिक्स, ताइक्वांडो, पिरामिड फॉर्मेशन, योग प्रेजेंटेशन, जिमनास्टिक और पीटी ड्रिल जैसी प्रस्तुतियों ने सभी को आकर्षित किया।

मीट के दौरान लेमन रेस, रेडी फॉर स्कूल रेस, हूला हूप रेस, बटरफ्लाई रेस, शॉर्ट हर्डल रेस, बनाना रेस, कौन बैलेंस रेस, चॉकलेट रेस, सबवे सर्फर रेस, थ्री लेग रेस, लेमन स्पून रेस और 100 मीटर रेस,400 मीटर रिले रेस जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। वरिष्ठ वर्ग के लिए शॉट पुट, जैवलिन थ्रो और डिस्कस थ्रो की प्रतियोगिताएं हुईं।परिणामों में नौवीं कक्षा की मानसी तोमर को बेस्ट फीमेल एथलीट और 11वीं कक्षा के देवराज पुंडीर को बेस्ट मेल एथलीट का पुरस्कार मिला। ओवरऑल बेस्ट सदन में पटेल सदन 394 अंकों के साथ प्रथम, बोस सदन 390 अंकों के साथ द्वितीय, भगत सदन 270 अंकों के साथ तृतीय तथा आजाद सदन 256 अंकों के साथ चतुर्थ रहा। बेस्ट मार्च पास्ट अवॉर्ड आजाद सदन को मिला। स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने पहली बार 72 यूपी बटालियन के साथ मार्च पास्ट कर सभी का ध्यान आकर्षित किया।200 मीटर गर्ल्स ( कक्षा 9 ) में आर्या वशिष्ठ 72 सेकंड में प्रथम, निष्ठा 33 सेकंड में द्वितीय और जारा 34.5 सेकंड में तृतीय स्थान पर रहीं। 100 मीटर बॉयज ( कक्षा 8 ) में अमीश मलिक 14 सेकंड में प्रथम, अर्पित 14.15 सेकंड में द्वितीय और दश 14.30 सेकंड में तृतीय रहे। थ्री लेग रेस ( कक्षा 8 गर्ल्स ) में आकाशझपूर्णिमा प्रथम, कनकझअंशिका द्वितीय तथा सालवीझअगम्य तृतीय स्थान पर रहीं। शॉट पुट ( कक्षा 9 ) में आदित्य ने 6.6 मीटर गोला फेंककर प्रथम स्थान प्राप्त किया। हर्षित ( 6.1 मी. ) द्वितीय तथा शिवांक ( 6 मी. ) तृतीय रहे।

सभी विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।चेयरमैन विष्णु शरण ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास संभव है, इसलिए खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। मुख्य अतिथि कर्नल अभिषेक पवार ने कहा कि खेल बच्चों में सामाजिकता, सहयोग और परोपकार की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।वार्षिक स्पोर्ट्स मीट के सफल आयोजन में पीई विभाग के हेड विजित चौधरी, सुमित कुमार, आकाश, विशाल, किरन, रेखा सहित अन्य स्टाफ सदस्यों का विशेष योगदान रहा। मंच संचालन सोनिका ने किया।

# मोदीनगर में अस्मिता खेलो इंडिया प्रतियोगिता गुरुवार को

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** अस्मिता खेलो इंडिया वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को सीकरी कला स्थित वेटलिफ्टिंग वॉरियर्स अकादमी में किया जाएगा। बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय महिला वेटलिफ्टिंग कोच एवं द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित विजय शर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ह्यअस्मिता खेलो इंडियाह्ल उपक्रम के अंतर्गत यह प्रतियोगिता विशेष रूप से महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित की जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में मोदीनगर तहसील क्षेत्र की लगभग 30 महिला वेटलिफ्टर हिस्सा लेंगी, जो विभिन्न भार वर्गों में अपना दमखम दिखाएंगी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ. मंजू शिवाच, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री एवं ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित तथा ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट मीराबाई चानू, और नगर पालिका परिषद मोदीनगर के अध्यक्ष विनोद वैशाली द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया जाएगा। विजय शर्मा ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएँ सिर्फ खिलाड़ियों को अवसर ही नहीं देतीं, बल्कि स्थानीय स्तर पर खेल संस्कृति को भी मजबूत बनाती हैं।

उन्होंने आगे बताया कि अस्मिता प्रतियोगिता के बाद 5 दिसंबर से वेटलिफ्टिंग वॉरियर्स अकादमी में 9 जूनियर एरिया वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें नार्थ इंडिया के सैकड़ों खिलाड़ी भाग लेने के लिए पंजीकरण करा चुके हैं। यह प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों को बड़े मंच की ओर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगी।

विजय शर्मा ने कहा कि अस्मिता खेलो इंडिया योजना सरकार की एक सफल पहल है, जिसके माध्यम से सरकार गांव, ब्लॉक और जिला स्तर पर वेटलिफ्टिंग खिलाड़ियों को तैयार कर रही है ताकि वे भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकें।

# आरकेजी ग्लोबल स्कूल में द स्पोर्ट्स मीट 2025 का उद्घाटन किया गया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** आरकेजी ग्लोबल स्कूल द्वारा आवाहन झ द स्पोर्ट्स मीट 2025 का भव्य उद्घाटन किया गया, जिसमें आठ प्रतिष्ठित स्कूलों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुरादनगर और आरकेजी ग्लोबल स्कूल के बीच पहले क्रिकेट मैच से हुई, जिसने पूरे टूनार्मेंट के लिए ऊजार्वान माहौल बना दिया।

टॉस का संचालन डायरेक्टर प्रिंसिपल कैप्टन डॉ. दिनीषा भारद्वाज सिंह द्वारा किया गया। मुरादनगर टीम ने 6 ओवर में 2 विकेट खोकर 26 रन बनाए।आरकेजी ग्लोबल स्कूल की ओर से अयान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 23 गेंदों में 9 रन बनाए और 1 महत्वपूर्ण विकेट भी लिया।मैच का मुख्य आकर्षण कक्षा 5 के वासु गिरी का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा, जिन्होंने बेहतरीन कौशल और खेल भावना का परिचय देते हुए ह्लमैन ऑफ द मैचह्व का खिताब अपने नाम किया।

इसके अतिरिक्त, अगम त्यागी ने भी महत्वपूर्ण योगदान देते हुए मात्र 6 गेंदों में 12 रन बनाए, जिससे टीम की गति को बढ़ावा मिला। आवाहन झ द स्पोर्ट्स मीट का उद्देश्य टीमवर्क, अनुशासन और खेलों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है, जो आरकेजी ग्लोबल स्कूल की समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

कार्यक्रम उत्साहपूर्वक जारी है, जिसमें प्रतिभागी स्कूल विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं।

## फीस बकाया होने पर छात्र की परीक्षा पर स्कूल प्रबंधन लगाई रोक छात्र का आरोप

**शिकारपुर।** नगर स्थित एक स्कूल में कक्षा छः के छात्र को परीक्षा से वंचित कर दिया गया। आरोप है कि फीस बकाया होने के कारण स्कूल प्रशासन ने परीक्षा पर रोक लगाई है। नगर में एक निजी स्कूल में कक्षा छः के छात्र को फीस बकाया होने के चलते मंथली परीक्षा से वंचित कर दिया गया। मात्र 5 से 6 हजार रुपये बकाया होने पर बच्चे को परीक्षा देने से रोक दिया गया। इसको लेकर अभिभावक ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से शिकायत कर प्रकरण की जांच करने की मांग की है। ये पूरा मामला नगर स्थित हैप्पी ब्लू वर्ल्ड पब्लिक स्कूल का है जहां कक्षा छः के छात्र पुनित चौधरी को 5 से 6 हजार रुपये की बकाया फीस के कारण मंथली परीक्षा में बैठने से रोक दिया गया।

# पालिका अध्यक्ष ने प्रस्तावित विकास कार्यों का किया शिलान्यास



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** गोविंदपुरी क्षेत्र में जनसुविधाओं के विस्तार हेतु महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं – गोविंदपुरी निकट महर्षि ग्राउंड 56 मार्केट, ई लाइब्रेरी तथा डॉग केयर सेंटर का शिलान्यास विधिवत सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद मोदीनगर के चेयरमैन विनोद वैशाली तथा अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी शामिल हुए और शिलान्यास प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया। इन परियोजनाओं के प्रारंभ होने से क्षेत्र में व्यापारिक, शैक्षिक एवं जन-सेवा संबंधी सुविधाओं को नया आयाम मिलने की उम्मीद है। उपस्थितः सभासद रीता ढोडी, नरेंद्र तोमर, संदीप सांगवान, जितेंद्र, धर्मवीर मास्टर, संजय चौधरी, कपिल, सोनू, नीटू चौधरी, आदित्य बॉबी, सोनू चौधरी, अनुज गुप्ता, मनीष, राकेश कर्दम आदि उपस्थित रहे।

# क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा प्रतियोगिता में गिन्नी देवी कॉलेज की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में आयोजित क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा ऑनलाइन प्रतियोगिता में कॉलेज की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और संस्थान को गौरव प्रदान किया। प्रतियोगिता में लगभग 50 छात्राओं ने भाग लिया। जिनमें शिवांगी कोशावा ने प्रथम स्थान और ईशा झा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में तेजस्वी शर्मा, क्रीड़ा भारती मेरठ प्रांत कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे। विजेता छात्राओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया तथा उन्हें आगे भी इसी तरह प्रगति करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा को भी सम्मानित करते हुए कहा कि संस्थान की मेहनत और मार्गदर्शन का परिणाम ही छात्राओं की यह उपलब्धि है। कार्यक्रम की संयोजिका शिवानी शर्मा को भी समारोह के सफल संचालन और सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। पूरे कॉलेज परिवार ने छात्राओं को शुभकामनाएँ दीं और इस उपलब्धि को संस्थान के लिए गौरव का क्षण बताया।

## 90 लाख की लागत से बनी सड़क 6 माह में ही टूटी



**बुलंदशहर।** जहांगीराबाद नई मंडी के सामने करीब छह माह पहले ही लगभग 90 लाख रुपये की लागत से बनाई गई सड़क अब बदहाली की कगार पर पहुँच चुकी है। महज कुछ महीनों के भीतर ही सड़क पर पड़े गड्ढों को ढकने के लिए लगाए गए पैबंद गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क निर्माण के समय ही घटिया सामग्री और जल्दबाजी में किए गए कार्य पर सवाल उठाए गए थे। कई राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने भी निर्माण में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी, लेकिन उस समय शिकायतों को अनसुना कर दिया गया। अब सड़क पर जगह-जगह उभर आए गड्ढे और उन पर लगाए गए पैबंद साफ बता रहे हैं कि लाखों की लागत से बना कार्य टिक नहीं पाया।

# ई-वेस्ट रीसाइकलिंग फैसिलिटी पर ई-वेस्ट जागरूकता अभियान का आयोजन किया




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** महालक्ष्मी मैटेलॉयस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मोदीनगर ने अपनी ई-वेस्ट रीसाइकलिंग फैसिलिटी पर ई-वेस्ट जागरूकता अभियान का आयोजन किया। जिसमें जी.डी. गोयंका पब्लिक स्कूल के छात्र व अध्यापकों ने उत्साह से हिस्सा लिया। इस अभियान में विद्यार्थियों व अध्यापकों को ई-वेस्ट के लिए जागरूक कराया गया। ई-वेस्ट जागरूकता अभियान में कंपनी के डायरेक्टर श्री. सुनील कुमार गुप्ता वह एवं सी.ई.ओ. गौरव कुमार गुप्ता ने बच्चों व विद्यार्थियों को इ-वेस्ट से होने वाले नुकसान के बारे में अवगत कराया।

विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को बताया कि यदि ई-वेस्ट को गलत ढंग से फेंका जाए तो उससे हमारे पर्यावरण को घातक नुकसान हो सकता हैंक उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को अपना ई-वेस्ट रीसाइक्लिंग प्लांट घुमाया वह सभी को ई-वेस्ट रीसाइक्लिंग के बारे में समझाया। सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों से अपील की; कि सभी तरह का ई-वेस्ट जैसे की बेकार मोबाइल, टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन बच्चों के इलेक्ट्रॉनिक खिलौने आदि केवल ई-वेस्टरीसाइकलिंग को दे। जिससे कि उस प्रोडक्ट की सही तरह से रीसाइक्लिंग की जा सके और अपने पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके।

# बालबाड़ी पब्लिक स्कूल में वॉलीबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** बालबाड़ी पब्लिक स्कूल, कादराबाद, मोदीनगर में वॉलीबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया। निर्देशक विनय रुहेला व प्रधानाचार्या श्रीमती डॉ नीरू जोशी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अच्छे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य में खेलों का अहम योगदान है, वॉलीबॉल भी एक ऐसा ही खेल है, जिसमें सभी उम्र और कौशल स्तर के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं से कक्षा बारहवीं के छात्रों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया व अपनी-अपनी कला का जोश व उत्साह के साथ प्रदर्शन किया। तत्पश्चात कक्षा ग्यारवीं व कक्षा बारहवीं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कक्षा बारहवीं विजयी रही। इस कार्यक्रम में चेयरमैन संजय जैन , निर्देशक विनय रूटेला , प्रधानाचार्या श्रीमती डॉ नीरू जोशी व सभी शिक्षकगण ने सभी छात्रों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नहर की पटरी कटने से दर्जनों किसानों की सैकड़ों बीघा फसल हुई जलमग्न







वेलकम इंडिया

**रामघाट/बुलंदशहर।** अनूपशहर ब्रांच की नहर ग्राम सिलाहरी पर रात्रि में कटने से गेहू सरसों की सैकड़ो बीघा फसल जल मग्न होने से लाखों की क्षति हुई है किसानों ने उप जिलाधिकारी से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

आपको बता दें थाना रामघाट क्षेत्र के ग्राम सिलाहरी के पास 500 मीटर दूरी पर अनूपशहर ब्रांच की नहर रात्रि में कट गई थी जब किसानों ने सुबह अपने खेतों पर जाकर देखा तो सारी फसल जल मग्न हो रही थी जिसकी सूचना किसानों ने सिंचाई विभाग के उच्च अधिकारियों को दी सूचना पाकर सिंचाई विभाग के एसडीओ सुनील कुमार जेई विनोद कुमार गौतम जिलेदार विनोद कुमार मीना ठेकेदार टीम के साथ जेसीबी को लेकर मरम्मत कराने हेतु मौके पर पहुंचकर मरम्मत कराकर नहर के कटे पानी को रोका गया।

नहर कटने से दर्जनों किसानों की गेहूं की बोई हुई तथा पकी हुई सरसों की सैकड़ो बीघा फसल जल मग्न होने से नष्ट होने से लाखों रुपए की छति हुई है

किसनों का आरोप है की नहर की सफाई कराए बिना पानी छोड़ा गया था जिसके कारण ओवर फुल पानी होने के कारण नहर कटी है जिसके कारण एक किलो मीटर दूरी तक किसानों के खेतों में तीन-तीन फुट पानी भर गया सिलाहरी गांव के जगदीश किसान ने बताया कि दो दर्जन किसानों की अपनी जमीन तथा कुछ किसानों द्वारा लगान पर ली गई खेती में बोई हुई गेहूं की फसल तथा पकी हुई सरसों की फसल नहर कटने से लाखों रुपए की फसल बर्बाद हो गई है उपजिलाधिकारी डिबाई से मांग करते हैं किसानों की फसलों को सर्वे कराकर मुआवजा दिलाया जाय नहर के कटे पानी से जगदीश सुरेश महेंद्र सिंह राजेंद्र महेश महाराज सिंह मनोज योगेंद्र उदल सिंह पप्पू सिंह सीताराम सेवाराम अशोक भूप सिंह कालीचरण जुगेश नेम सिंह आदि दर्जनों किसानों की फसल चौपट हो गई है।

# लोकतंत्र का महाभियान–एसआईआर अभियान को गति देने हेतु भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने दिए दिशा निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाज़ियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के रकफ अभियान को गति प्रदान करने और घरझ्रघर से अधिकतम रकफ फार्म इछड के पास पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल ने आज इछअझ्र2 टीम को महत्वपूर्ण दिशाझ्रनिर्देश प्रदान करते हुए अभियान की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कार्यकताओं को प्रोत्साहित किया कि आने वाले दिनों में यह अभियान लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का प्रतीक बनेगा। मयंक गोयल ने कहा कि ह्लरकफ अभियान लोकतंत्र का महाभियान है–हर नागरिक की सहभागिता ही इसकी सफलता का आधार है। भाजपा कार्यकर्ता घरझ्रघर जाकर जनता को जागरूक करें और उनसे फार्म भरवाने में सहयोग करें। यह केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि राष्ट्रहित का कार्य है। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा–ह्लअपने घर के रकफ फार्म अवश्य भरें और इछड को जमा करें। ऐसा कर आप लोकतंत्र के सच्चे सेनानी कहलाएंगे, क्योंकि आपकी भागीदारी व्यवस्था को मजबूत बनाती है। अभियान से जुड़ी आगे की जानकारी देते हुए भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने बताया कि आने वाले दिनों में इछअझ्र2 सहित सभी संगठनात्मक इकाइयों के साथ समन्वय बैठकें आयोजित होंगी। कार्यकताओं को बूथ स्तर तक मॉनिटरिंग, फार्म वितरण, संग्रहण और इछड सहयोग की प्रणाली के साथ जोड़ा जाएगा, जिससे अभियान की गति और प्रभावशीलता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि टीम भावना, धरातली प्रयास और जनता की सक्रियता–इन तीनों के संयुक्त प्रयास से रकफ मिशन की सफलता सुनिश्चित होगी। भाजपा संगठन ने विश्वास व्यक्त किया है कि कार्यकताओं की प्रतिबद्धता और जनता की सहभागिता से रकफ अभियान गाज़ियाबाद में मॉडल परियोजना सिद्ध होगा।

बैठक के दौरान अभियान के महानगर संयोजक सुभाष चंद्र शर्मा, प्रदीप चौधरी, अमित रंजन, बलराम रावल, संदीप चौधरी, पंकज भारद्वाज, कुलदीप कसाना, सोनू भाटी, राम त्यागी, उत्तम कुमार, अक्षय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अवैध कालोनियों पर चला बुलडोजर ग्राम-सीकरी खुर्द मोदीनगर क्षेत्र में 34,700 वर्ग मीटर भूमि पर ध्वस्तीकरण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** अवैध निर्माण और अवैध कालोनियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के तहत बुधवार को जीडीए ने ग्राम-सीकरी खुर्द, मोदीनगर क्षेत्र में लगभग 34,700 वर्ग मीटर भूमि पर अवैध विकास कार्यों को प्राधिकरण द्वारा रोका गया और कई अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए। प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में श्री मंजीत सिंह और श्री संजय पुत्रगण श्री जयपाल, श्री राजीव चौधरी ने खसरा संख्या-639, माता मन्दिर रोड, मोदीनगर पर लगभग 6,700 वर्ग मीटर क्षेत्र में भूखंडीय विकास हेतु हो रही मिट्टी भराई और ईंट चिनाई की गतिविधियों को अवैध पाया। वहीं, सोहनवीर सिंह, बलदेव सिंह और मनीष कुमार पुत्रगण विपत्ति सिंह, टेकराम पुत्र रामबल, जुगतू सिंह पुत्र नेकीराम और राजेन्द्र पुत्र रामपाल ने खसरा संख्या-642 पर लगभग 28,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में निर्माण कार्य किए। दोनों ही क्षेत्रों में कोई स्वीकृत मानचित्र या स्वामित्व अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। अवैध कालोनी में कालोनाइजर द्वारा बनाई गई सड़कें, बाउंड्री वॉल, साइट ऑफिस और अन्य निर्माण कार्यों को प्राधिकरण द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। कार्यवाही के दौरान स्थानीय विकासकताओं और निर्माणकताओं ने विरोध किया, लेकिन प्राधिकरण पुलिस बल ने उन्हें नियंत्रित कर ध्वस्तीकरण कार्यवाही जारी रखी। सहायक अभियंता, अवर अभियंता, सुपरवाइजर/मेट और स्थानीय पुलिस बल सहित प्राधिकरण पुलिस बल स्थल पर मौजूद थे और उन्होंने लोगों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना अनुमति के किसी भी निर्माण को बख्शा नहीं जाएगा। उपाध्यक्ष महोदय की नीतियों के अनुरूप यह कार्रवाई अवैध निमार्णों और कालोनियों के विरुद्ध संदेश देने के उद्देश्य से की गई है, ताकि गाजियाबाद में नियोजित और कानूनी निर्माण को बढ़ावा दिया जा सके।

# ट्रैफिक पुलिस का अवैध कट हटाने का विशेष अभियान जारी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर में सड़क हादसों और यातायात अव्यवस्था को कम करने के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस का विशेष अभियान मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। यह अभियान दैनिक जागरण में सड़क सुरक्षा पर चल रहे अभियान के अनुरूप चलाया जा रहा है। सोमवार को नए गाजियाबाद फाटक और घंटाघर के पास अवैध कट बंद करने के बाद मंगलवार को पुलिस टीम ने इंदिरापुरम और टीला मोड़ क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की।

अभियान का मुख्य उद्देश्य उन अवैध कटों को चिन्हित कर बंद कराना है, जो लगातार दुर्घटनाओं, यातायात जाम और पैदल यात्रियों के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। ट्रैफिक पुलिस टीम ने इंदिरापुरम के मंगल बाजार चौक के पास मौजूद अवैध कट को पूरी तरह बंद कराया। अधिकारियों के अनुसार, इस कट के कारण वाहन अक्सर टकराने की स्थिति में आ जाते थे। मौके पर बैरिकेडिंग को मजबूती से स्थापित किया गया ताकि दोपहिया और अन्य वाहन चालकों द्वारा इसे हटाने की कोई गुंजाइश न रहे। इसी प्रकार, भोपुरा रोड, टीला मोड़ थाना क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई। यहां पहले अवैध कट बंद कर बैरिकेड लगाए गए थे, लेकिन दोपहिया वाहन चालकों द्वारा बैरिकेड हटाकर फिर से रास्ता बना लिया गया था। मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बैरिकेडिंग को दोबारा व्यवस्थित किया और कट को पूरी तरह से बंद कर दिया। अधिकारियों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। अचानक मुडे वाले वाहन न केवल दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं, बल्कि लंबी गाडियों की कतारें भी लगती हैं। ट्रैफिक पुलिस का मानना है कि यदि यह अभियान निरंतर चलता रहा और अवैध कटों को पूरी तरह समाप्त किया गया, तो शहर में सड़क हादसों और जाम की समस्या में उल्लेखनीय कमी आएगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे केवल निर्धारित यू-टर्न या वैध कट का ही उपयोग करें और किसी भी बैरिकेड को हटाने जैसी गतिविधि से बचें।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 के सम्बन्ध में बैठक आयोजित हुआ

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट में उप जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में समस्त मान्यताप्राप्त राष्ट्रीय / राज्जीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 (एस०आई०आर०) के सम्बन्ध में मंगलवार को बैठक आयोजित हुई।

उक्त बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों में श्री सुभाष चन्द्र शर्मा, जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी, श्री राजेन्द्र शर्मा, महामंत्री, जिला कॉग्रेस कमेटी, श्री वसीम बाबु एडवोकेट, जिला सचिव, समाजवादी पार्टी, श्री ताहिर हुसैन, प्रदेश सचिव, समाजवादी पार्टी, श्री त्रिफूल सिंह, शहर सचिव, सी०पी०एम०, श्री मनोज कुमार, प्रभारी, बहुजन समाज पार्टी, श्री देवेन्द्र गिरि, बी०एल०ए०-1, भारतीय जनता पार्टी की उपस्थिति रही।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि बी०एल०ओ० द्वारा ए०एस०डी० (अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृत, डुप्लीकेट) मतदाताओं की सूची तैयार की जा रही है, जिसे संबंधित विधानसभा क्षेत्र के ई०आर०ओ० के द्वारा दिनांक 04-12-2025 तक बी०एल०ओ० एवं बी०एल०ए० की बैठक आयोजित करके मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के बी०एल०ए०/ बी०एल०ए०-1 को उपलब्ध कराया जायेगा। राजनैतिक दलों के उपस्थित प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि उक्त ए०एस०डी० सूची प्राप्त करके बी०एल०ए० के माध्यम से चेक करा लेंगे। ए०एस०डी० सूची में किसी मतदाता का नाम यदि किसी कारण से गलती से सूची में शामिल हो गया हो तो उसके बारे में संबंधित ई०आर०ओ० को तत्काल अवगत करायेंगे, जिससे कि ईआरओ द्वारा रोल बैक करके दिनांक 11-12-2025 से पूर्व सही कराया जा सके। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को यह भी अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी महोदय के निदेर्शानुसार जिन बूथों पर 40 प्रतिशत से अधिक ए०एस०डी० हैं, वहाँ 5-6 बूथों पर एक अधिकारी की डयूटी लगाई गई है, जिनके द्वारा कम से कम 50 घर का स्वयं सत्यापन करेंगे और प्रमाण पत्र उपलब्ध करायेंगे। उक्त ए०एस०डी० सूची के सत्यापन हेतु 102 अधिकारियों की डयूटी लगाई गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थित प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि अधिकारियों की सूची राजनैतिक दलों के ग्रुप पर शेयर करा दिया जायेगा। उपस्थित प्रतिनिधियों को यह भी अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पोर्टल पर यदि सुविधा ईआरओ को दे दी गई है कि यदि कहीं बी०एल०ओ० की गलती से किसी अर्ह मतदाता का नाम ए०एस०डी० सूची में चली गई है तो ई०आर०ओ० द्वारा रोल बैक करके वापस पुनः बी.एल.ओ के एप पर फार्म भरने हेतु उपलब्ध हो जायेगा उसे बी०एल०ओ० के माध्यम से ठीक कराया लिया जायेगा।

# कार सौदे में धोखाधड़ी का मामला, दो महिलाओं समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद, लिंक रोड थाना क्षेत्र में कार बेचने और दस्तावेज नाम नहीं कराने के विवाद में पीड़ित ने दो महिलाओं समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मामला 20 लाख रुपये हड़पने और रुपये वापस मांगने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का है। पुलिस ने अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित श्याम दत्त शर्मा, जो साहिबाबाद गांव के मेन मार्केट रेलवे रोड में रहते हैं, ने बताया कि वर्ष 2024 में उनकी पहचान धनपाल सिंह से हुई।

धनपाल सिंह ने खुद को लोनी में संचालित एक स्कूल का चेयरमैन बताया। बाद में उन्होंने अपनी पत्नी शिवानी से भी श्याम दत्त की मुलाकात कराई। कुछ ही दिनों बाद दंपती ने अपनी कार बेचने की पेशकश की। कार का सौदा 20 लाख रुपये में तय हुआ और श्याम दत्त ने नकद तथा आरटीजीएस के माध्यम से राशि दे दी। मुकदमे में आरोप है कि कार के दस्तावेज उनके नाम पर कराने में आरोपी लगातार टालमटोल करते रहे। मई 2025 में धनपाल सिंह गैंगस्टर और धोखाधड़ी के मामले में जेल चला गया। श्याम दत्त ने कार के कागजात अपने नाम करने के लिए शिवानी से संपर्क किया, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। इसके बाद श्याम दत्त ने कार वापस लेकर अपनी राशि मांगने का प्रयास किया।

# ऑपरेशन सागर बंधुः एनडीआरएफ का मानवता मिशन- श्रीलंका में 150 से अधिक लोगों को सुरक्षित बचाया

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने श्रीलंका में आए विनाशकारी चक्रवात दितवाह से प्रभावित इलाकों में 150 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकालकर मानवता का अनूठा उदाहरण पेश किया है। विभिन्न क्षेत्रों में भूस्खलन और बाढ़ की गंभीर स्थिति बनी हुई है, लेकिन एनडीआरएफ की टीम ने निडरता और तत्परता के साथ राहत और बचाव कार्य जारी रखा। भारत सरकार के निर्देश पर ऑपरेशन सागर बंधु के तहत 80 सदस्यीय टीम और चार खोजी कुत्तों की दो टीमें श्रीलंका भेजी गई। इन टीमों को कडुवेला, बदुल्ला और पुट्टलम में तैनात किया गया, जहां उन्होंने अब तक 70 लोगों को प्रत्यक्ष बचाया और 80 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया। इसके साथ ही टीम ने पशुधन को भी सुरक्षित बाहर निकालने का कार्य किया। श्रीलंकाई सुरक्षा बलों और प्रशासन की सहायता से एनडीआरएफ की टीमें जरूरतमंद लोगों तक राहत सामग्री और भोजन के पैकेट भी वितरित कर रही हैं।



# जीडीए ने 240 करोड़ रुपये बकाया वसूली के लिए नोटिस भेजने के बाद की सख्त कार्रवाई

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने शहर में करीब छह हजार बकायेदारों से कुल 240 करोड़ रुपये वसूलने की योजना तैयार की है। इसके तहत पहले चरण में सभी बकायेदारों को सूचना पत्र और नोटिस भेजे जाएंगे। नोटिस के बावजूद यदि कोई भी बकाया राशि जमा नहीं करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण के अनुसार, बकायेदारों में बिल्डर का बकाया लगभग 114 करोड़ रुपये और आवंटियों का बकाया करीब 125 करोड़ रुपये है।

# यमुना किनारे अवैध रेत खनन पर खनन अधिकारी का बड़ा अभियान, चालक फरार

**गाजियाबाद।** जनपद लोनी, ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र के नौरसपुर गांव में यमुना नदी के किनारे अवैध रेत खनन की सूचना पर खनन अधिकारी ने सोमवार रात बड़ी कार्रवाई की। इस अभियान में एक जेसीबी मशीन को जब्त किया गया, जबकि उसके चालक मौके से फरार हो गया। इसके साथ ही रेत ले जा रहे तीन ट्रकों से लगभग एक लाख 80 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया। खनन अधिकारी सौरभ चतुर्वेदी के नेतृत्व में यह अभियान स्थानीय पुलिस बल की मदद से संचालित किया गया। अधिकारियों के पहुंचते ही अवैध खनन कर रहे जेसीबी चालक ने मौके से भागना ही बेहतर समझा। खनन अधिकारी ने बताया कि इस दौरान तीन ट्रकों को पकड़कर जुमार्ना वसूला गया और जब्त की गई जेसीबी सहित ट्रकों को ट्रोनिका सिटी थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। सौरभ चतुर्वेदी ने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाशत नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नदी किनारे खनन गतिविधियों की लगातार निगरानी की जा रही है और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई होगी।

# दिव्यांग बच्चों हेतु खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** समग्र शिक्षा (बेसिक एवं माध्यमिक) जनपद गाजियाबाद के तत्वाधान में समेकित शिक्षा के अंतर्गत आज दिनांक 03 दिसंबर 2025 को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर श्री गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज लोहिया नगर गाजियाबाद में दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत 22 स्वयंसेवी संस्थाओं सहित प्राथमिक उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में अध्ययनरत कुल 650 दिव्यांग बच्चों हेतु खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद उपस्थित हुए। उन्होंने अपने उद्बोधन में दोनों विभागों को यह निर्देश दिया कि ऐसे बच्चों हेतु आयोजित कार्यक्रम में प्राइवेट स्कूलों के प्रबंधको/प्रधानाचार्य/बच्चों को भी आमंत्रित किया जाए जिससे कि उन्हें भी दिव्यांग बच्चों के प्रति संवेदनशीलता का एहसास हो सके, उनके द्वारा भी इन बच्चों के शिक्षा के प्रति जागृति पैदा हो सके। उन्होंने सभी सरकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को ऐसे बच्चों के उन्नयन हेतु कोई भी सुझाव देने हेतु आमंत्रित किया। दिव्यांग बच्चों की शिक्षा को और बेहतर बनाने हेतु जिला प्रशासन से मदद हेतु उनसे संपर्क करने के लिए कहा गया। उक्त अवसर पर समावेशी खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री ओ पी यादव, सह- जिला विद्यालय निरीक्षक श्री सतीश चंद्र पांडेय, जिला समन्वयक (माध्यमिक शिक्षा) पवन कुमार भाटी, सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी विकास बघेल, जिला समन्वयक (बेसिक शिक्षा) डॉ राकेश कुमार, रुचि त्यागी, सिंपल चौधरी, टिंकू कंसल, नरेश कुमार, श्री गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज के प्राचार्य श्रीमती अनीता पवार, एसआरजी पूनम शर्मा, जिला पीटीआई राजकुमार एवं समस्त ब्लॉक पीटीआई, स्पेशल एजुकेटर की देखरेख में किया गया। सहयोगी संस्था के रूप में नींव शक्ति संस्था गाजियाबाद की निदेशक रिचा बल्लभ ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांग बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताओ जैसे सामूहिक नृत्य, बाच्ची बॉल, नींबू चम्मच दौड़, थीम आधारित फैंसी ड्रेस, रस्साकशी, चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। जिसमे प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को मोमेंटो, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी स्वयंसेवी संस्थाओं के निर्देशक/प्राचार्य को सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया।